E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com website:www.adhuniksamachar.com

# आधुनिक समाचार

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

11 YEARS ANNIVERSARY

वर्ष -11 अंक -140 | प्रयागराज, मंगलवार 12 अगस्त, 2025 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 3.00 रूपये

## मुनीर ने फिर कश्मीर को गले की नस बताया,पाक आर्मी चीफ डेढ़ महीने में दूसरी बार अमेरिका पहुंचे, कहा- पाकिस्तान एक अधूरा अंतरराष्ट्रीय मुद्दा



नयी दिल्ली। अमेरिका दौरे पर पहुंचे पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने एक बार फिर से कश्मीर को पाकिस्तान के 'गले की नस' बताया है। इससे पहले अप्रैल में भी मुनीर ने ऐसा ही बयान दिया था। उन्होंने कहा था- कश्मीर हमारी गले की नस था, है और रहेगा। हम इसे कभी नहीं भूलेंगे। मुनीर ने कहा कि कश्मीर, भारत का आंतरिक मसला नहीं है बल्कि एक अधूरा अंतरराष्ट्रीय मुद्दा है। उन्होंने कहा कि कश्मीर का मामला संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव में मौजूद है और पाकिस्तान उसका समर्थन करता है।पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक मुनीर एक बार फिर से अमेरिका पहुंचे हैं, लेकिन वे कब पहुंचे इसकी तारीख नहीं बताई गई है। मुनीर की यह डेढ़ महीने में दूसरी अमेरिका यात्रा है। उन्होंने फ्लोरिडा के टैम्पा शहर में रविवार को पाकिस्तानी प्रवासियों को संबोधित किया। मुनीर ने कहा कि भारत क्षेत्र में अस्थिरता पैदा करने पर तुला हुआ है। उन्होंने आगाह किया कि कोई भी गलती इलाके में बड़े संघर्ष की वजह बन सकती है। मुनीर ने भारत पर झूठे बहाने बनाकर पाकिस्तान पर हमला करने का आरोप लगाया।मुनीर ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को धन्यवाद दिया और कहा कि उनकी रणनीति से पाकिस्तान-भारत के बीच युद्ध टला। मुनीर ने इस दौरान उन्होंने भारतीय एजेंसी रॉ को आतंकी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया। मुनीर ने कहा कि अमेरिका के साथ संभावित व्यापार समझौते से पाकिस्तान में बड़े निवेश की संभावना है। उन्होंने बताया कि अमेरिका, सऊदी अरब, यूएई और चीन के साथ कई समझौते चल रहे हैं, जो आर्थिक सहयोग को बढ़ाएंगे।मुनीर ने विदेशों में रहने वाले पाकिस्तानियों को गर्व बताया और कहा कि उनका पाकिस्तान छोड़ना 'प्रतिभा पलायन' का मामला नहीं है, बल्कि 'प्रतिभा हासिल' करने का मामला है। उन्होंने कहा कि विदेशों में रहने वाले पाकिस्तानी भी अपने देश के लिए उतने ही भावुक हैं, जितना पाकिस्तान में रहने वाले पाकिस्तानी। मुनीर ने उनसे कहा कि वे यकीन रखें पाकिस्तान का भविष्य उज्ज्वल है। उन्होंने लोगों से पाकिस्तान में निवेश बढ़ाने में योगदान देने की अपील की।मुनीर ने अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। उन्होंने निवर्तमान कमांडर जनरल माइकल कुरिल्ला की तारीफ की और नए कमांडर एडमिरल ब्रैड कूपर को शुभकामनाएं दीं।इसके अलावा, उन्होंने अमेरिका के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैन केन से भी मुलाकात की और उन्हें पाकिस्तान आने का न्योता दिया। उन्होंने अन्य देशों के रक्षा प्रमुखों से भी बातचीत की। इससे पहले जून में अपनी पिछली यात्रा में मुनीर ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ मुलाकात की थी। वह पहले ऐसे पाकिस्तानी सेना प्रमुख बने जिन्होंने किसी मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति से आमने-सामने बातचीत की।

## एलआईसी और 5 बैंकों में बड़ा हिस्सा बेचने की तैयारी में सरकार, पिछली तिमाही में दिया रेकॉर्ड प्रॉफिट




नयी दिल्ली। सेबी के नियमों के मुताबिक प्रमोटर्स के पास 75फीसदी से अधिक हिस्सेदारी नहीं होनी चाहिए। लेकिन सरकार एलआईसी और कई सरकारी बैंकों में इस लिमिट से कहीं ज्यादा हिस्सेदारी बेचने की तैयारी में है। मिंट की एक रिपोर्ट में सरकारी सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि सरकार इसके लिए मर्चेंट बैंकर हायर करने की तैयारी में है। सरकारी बैंकों का हाल में शानदार प्रदर्शन रहा है और उन्होंने सरकार को रेकॉर्ड मुनाफा कमाकर दिया है। जून तिमाही में सरकारी बैंकों का प्रॉफिट 44,218 करोड़ रुपये रहा जो पिछले साल की तुलना में 11फीसदी अधिक है। सरकार की अभी एलआईसी में 96.5फीसदी हिस्सेदारी है। तीन साल पहले सरकार ने इसमें 3.5फीसदी हिस्सेदारी आईपीओ के जरिए बेच दी थी। सेबी ने एलआईसी को 10फीसदी मिनिमम पब्लिक शेयरहोल्डिंग के नियम को पूरा करने के लिए मई 2024 का समय दिया था लेकिन बाद में इसे बढ़ाकर मई 2027 तक दिया था। एलआईसी का मार्केट कैप करीब 5.66 लाख करोड़ रुपये है। सोमवार को कंपनी का शेयर बीएसई पर 1.86फीसदी गिरावट के साथ 895.60 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। इसी तरह इंडियन ओवरसीज बैंक में सरकार की हिस्सेदारी 94.61फीसदी, यूको बैंक में 90.95फीसदी, पंजाब एंड सिंध बैंक में 93.85फीसदी, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में 89.27फीसदी और बैंक ऑफ महाराष्ट्र में 79.60फीसदी है। अगले साल अगस्त तक सरकार को इन बैंकों में अपनी हिस्सेदारी घटाकर 75 फीसदी तक लानी है। केवल बैंक ऑफ महाराष्ट्र के इस डेडलाइन को पूरा करने की उम्मीद है। बाकी बैंक में से कम एक साल का विस्तार मांग सकते हैं।

## प्रयागराज में तेंदुए की दहशत, कैद से भाग निकला

प्रयागराज। शहर से 30 किलोमीटर दूर बनईचा मलखानपुर गांव से तेंदुवा भागने में सफल हो गया। वन



अधिकारियों के मजबूत सुरक्षा जाल को तोड़कर गंगा के कछार में गुम हो गया है। ग्रामीणों के मुताबिक, उन्होंने तेंदुए को घेर कर एक चरी के खेत में कैद किया था। लेकिन, जंगली जानवर को पकड़ने आई वन विभाग की टीम ने सुस्ती से काम किया। गाव गंगा कछार के 2 दर्जन से अधिक गाव में भी जंगली जानवर का डर खड़ा हो गया है। उसने 3 लोगों पर हमला कर उन्हें घायल किया। तो,तेंदुए को पकड़ने के लिए तीन वन रेंज की टीम मौके पर काम कर रही थी। गांव के बाहर एक डेढ़ बीघे के खेत (पशु चारा चरी) के चारों तरफ वन कर्मियों ने मजबूत जाल लगा रखा था। अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन भगवान भरोसे मिला। जिस खेत में तेंदुए के अंदर होने की बात ग्रामीणों ने बताई थी। वन टीम उसे जाल लगा कर तीन तरफ से घेरा बना कर खड़ी थी। अंधेरे में देखने का इंतजाम रात करीब 10 बजे गांव के प्रधान मनोज मौर्य की पहल के बाद हो सका। वन अधिकारी खुद मौके पर काफी देर तक मौजूद रहे। लेकिन, ट्रिगुलाइजर गन में लगने वाला बेहोशी की दवा नहीं आ सकी थी। करीब रात 11 बजे कानपुर व लखनऊ के एक्सपर्ट डॉक्टर की टीम मलखानपुर पहुंची। इसके बाद डीएफओ अरविंद कुमार की मौजूदगी में जेसीबी मंगवाई गई। जेसीबी जैसे ही खेत के करीब पहुंची उसमें डीजल खत्म हो गया। करीब एक घंटे बाद डीजल डाल कर जेसीबी को आगे बढ़ाया गया तो वह खेत में पानी के चलते धंसने लगी। बड़ी मुश्किल से तेंदुए वाली जगह पर जेसीबी चालक ने डर कर अंदर जाने से मना कर दिया।इसी बीच दो आवारा गोवंश प्रभावित खेत के पास आकर चरने लगे।लेकिन पूरी वन विभाग की टीम ज्यादातर समय ग्रामीणों से चाय नाश्ता करने में व्यस्त रही।अशोक कुमार ने बताया, तेंदुए पकड़ा नहीं गया है। जिससे आसपास के गांव के लोग बेहद डरे हुए है। लोग आपस में चर्चा कर रहे हैं कि वह खतरनाक जानवर कहीं गया नहीं है। इसी क्षेत्र में छिपा है।

## बिहार चुनाव से पहले चिराग पासवान को बड़ा झटका, लोजपा-रामविलास के 139 नेताओं ने दिया सामूहिक इस्तीफा



छपरा। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को बड़ा झटका लगा है। सारण जिले में लोजपा (रामविलास) पार्टी के 139 पदाधिकारियों और नेताओं ने सामूहिक इस्तीफा देकर संगठन में हलचल मचा दी है। इस्तीफे की वजह जमुई से सांसद और बिहार प्रभारी अरुण भारती पर अवैध वसूली के आरोप बताए गए हैं। नेताओं का आरोप है कि अरुण भारती और खगड़िया सांसद राजेश वर्मा तानाशाही रवैया अपना रहे हैं। लोजपा रामविलास से किस-किस ने दिया इस्तीफा- इस्तीफा देने वालों में पूर्व जिला अध्यक्ष और वर्तमान प्रदेश सचिव दीपक कुमार सिंह समेत 39 मंडल समिति सदस्य, 16 प्रखंड अध्यक्ष, 30 महिला समिति सदस्य और 40 नगर निकाय समिति सदस्य शामिल हैं। दीपक कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि 'संकल्प यात्रा के नाम पर सारण से जबरन वसूली की गई और विरोध करने पर कार्यकर्ताओं को अपमानित किया गया।' उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी अध्यक्ष चिराग पासवान के जीजा अरुण भारती पार्टी को एक कंपनी की तरह चला रहे हैं।सारण जिले के नाराज नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दोनों सांसदों के खिलाफ नारेबाजी की। दीपक कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि इस्तीफा देने के बावजूद वे एनडीए में बने रहेंगे। सभी नेता मिलकर आगे की रणनीति तय करेंगे।बता दें, इससे पहले, पिछले महीने खगड़िया में भी पार्टी के 38 नेताओं ने एक साथ इस्तीफा दे दिया था। इनमें पूर्व जिलाध्यक्ष शिवराज यादव, प्रदेश महासचिव रतन पासवान और युवा जिलाध्यक्ष सुजीत पासवान शामिल थे। वहां भी सांसद राजेश वर्मा के कामकाज के तरीके से नाराजगी मुख्य कारण बताया गया था। लोजपा-आर में लगातार इस्तीफों की वजह से चुनावी तैयारी पर असर पड़ सकता है। अब देखना यह है कि चिराग पासवान इन बगावतों को थामने के लिए क्या कदम उठाते हैं।

## गोरखपुर में कोबरा के डसने पर चला इलाज, ठीक हो गया बच?चा, 8 घंटे बाद फिर फैल गया जहर

गोरखपुर। गोरखपुर एम्स में एक दुर्लभ मामला सामने आया, जहां कोबरा के काटने से पीड़ित एक बच्चा इलाज के बाद ठीक हो गया, लेकिन आठ घंटे बाद जहर फिर से उसके शरीर में फैल गया। नवंबर 2024 में झंगहा के रहने वाले सात वर्षीय बच्चे को कोबरा ने काटा था, जिसके बाद उसे एम्स में भर्ती कराया गया। इलाज के बाद वह स्वस्थ हो गया था, लेकिन कुछ घंटों बाद उसकी हालत फिर बिगड़ने लगी। चिकित्सकों ने दोबारा वेंटिलेटर सपोर्ट और इंजेक्शन देकर उसकी जान बचाई। इस घटना की केस रिपोर्ट इंडियन जर्नल ऑफ पीडियाट्रिक्स में प्रकाशित हुई है।नवंबर 2024 में झंगहा के रहने वाले सात वर्षीय मासूम के बाएं पैर में कोबरा ने डस लिया था। परिजन अचेत मासूम को एम्स लेकर पहुंचे। बालरोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष कुमार ने बताया कि बच्चा जब लाया गया तब उसकी सांस करीब-करीब थम गई थी। उसे वेंटिलेटर पर शिफ्ट किया गया। एट्रोपिन और नियोस्टिग्माइन के साथ 10 वॉयल एंटी स्नेक वेनम के इंजेक्शन लगाए गए। चार घंटे बाद खून में जहर का प्रभाव कम हो गया। रात 12 बजे तक मासूम माता-पिता से बात करने लगा था।डॉ. मनीष के मुताबिक, विश्व में सर्पदंश में जहर के दोबारा प्रहार के गिने-चुने मामलों में से यह एक था। एम्स के लिए यह पहला मामला था। तीन दिन इलाज के बाद मासूम पूरी तरह स्वस्थ हो गया, जिसके बाद उसे डिस्चार्ज कर दिया गया। कार्यकारी निदेशक डॉ. विभा दत्ता ने डॉक्टरों को बधाई दी। हालांकि, ठीक होने के दो घंटे बाद मासूम की तबीयत फिर बिगड़ने लगी। अचेत होने से उसे वेंटिलेटर सपोर्ट पर लेना पड़ा। दूसरे वार में जहर का असर ज्यादा घातक था। फिर एंटी स्नेक वेनम के 10 वॉयल इंजेक्शन मासूम को लगाए गए। दूसरे दिन पांच और वॉयल लगाए गए। कोबरा ने जहां डसा था वहां सूजन हो गई थी। जहर ने त्वचा और मांसपेशियों के बीच कृत्रिम थैला बना लिया था। वहीं से जहर का रिसाव खून में हो रहा था।डॉक्टरों के अनुसार, कोबरा के काटने के बाद यह जरूरी नहीं है कि जहर एक ही बार में पूरे शरीर में फैल जाए। इलाज के बाद भी जहर दोबारा असर दिखा सकता है।

## प्रयागराज में फंदे से लटकी मिली युवती,शाम को घर से कहीं जाने की तैयारी में थी

प्रयागराज। झलवा इलाके में रहने वाली 18 साल की हिना ने



रविवार रात फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची धूमनगंज पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। कमरे की तलाशी ली गई लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। घरवालों का कहना है कि शाम को हिना कहीं जाने की तैयारी कर रही थी। मना करने पर वह गुस्सा हो गई। इसके बाद कमरे में चली गई। माना जा रहा है कि इसी गुस्से में उसने खुदकुशी कर ली। खिड़की का शीशा तोड़ा देखी लाश मामला धूमनगंज थाना क्षेत्र के झलवा का है। यहां के रहने वाले राकेश की 18 वर्षीय बेटी हिना दो बहन व दो भाई में दूसरे नंबर पर थी। रविवार रात वह कमरे में गई तो बाहर नहीं निकली। काफी देर कमरे से न निकलने पर घरवालों को शक हुआ। दरवाजा खोलने की कोशिश की तो वह अंदर से बंद था। रोशनदान से झांकने पर साफ हुआ कि वह फंदे से लटकी है। धूमनगंज पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने खिड़की में लगे शीशे को तोड़ा तो सामने हिना का शव पंखे से साड़ी के सहारे लाश लटक रहा था। फोरेंसिक टीम ने पहुंच जांच की। धूमनगंज थाना प्रभारी अमरनाथ राय का कहना है कि सुसाइड नोट नहीं मिला। घरवालों का बयान दर्ज किया गया है।

## पिता की बरसी पर बेटी ने की खुदकुशी

प्रयागराज। नैनी इन्दुलपुर गंगादीप नगर कॉलोनी के एक 15 वर्षीय बेटी ने अपने पिता की बरसी पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर



ली। मकान के दूसरी मंजिल पर कमरे के अंदर रक्षाबंधन के दिन उसका शव फंदे से लटकता मिला। सूचना घरवालों ने डायल 112 को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंचकर दरवाजे का लॉक काटकर शव को फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। छात्रा के सुसाइट का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस आत्महत्या के कारण की तफ्तीश कर रही है। मूल रूप से महोबा के रहने वाली सोनिया गोस्वामी पत्नी स्व. प्रभात गोस्वामी घूरपुर बगबना में छेदी लाल इंटर कॉलेज में टीचर है। उसी कॉलेज में पति की मौत के बाद उन्हें नौकरी मिल गई। पति की मौत कोरोना के दौरान हो गई थी। पति ने नैनी इन्दुलपुर के गंगादीप नगर कॉलोनी में मकान बनवाया था। सोनिया अपने पूरे परिवार के साथ रहती है।

# खबरे ज़रा हटके

## डॉक्टर 7 साल लाश के साथ क्यों सोता रहा?

लोग प्यार में क्या-क्या नहीं करते। कई बार तो मामला खून-खराबे तक पहुंच जाता है लेकिन एक डॉक्टर प्यार की सनक में 7 साल तक लाश के साथ सोता रहा। इस डॉक्टर का नाम कार्ल टैंजलर है।



इसका जन्म जर्मनी में हुआ था लेकिन बाद में नौकरी के लिए अमेरिका चला आया था। यहां उसे टीबी की एक मरीज ऐलेना से प्यार हो गया। डॉक्टर इलाज के लिए उसके घर जाता था। कुछ समय बाद ऐलेना की मौत हो गई। इसके बाद से ही डॉ. कार्ल की सनक भरी हरकतें शुरू हो गईं। कार्ल ने ऐलेना के माता-पिता की इजाजत से उसकी मकाननुमा कब्र बनवाई। इसमें एक गेट भी था जिसकी चाबी सिर्फ कार्ल के पास रहती थी। करीब 2 साल तक वो रात में कब्र के अंदर सोने जाता रहा। इसके बाद डिकंपोज बॉडी घर ले आया और उस पर मोम लगाके गुड़िया जैसा आकार दे दिया। लाश से बदबू न आए इसके लिए महंगे से महंगे परफ्यूम इस्तेमाल करता रहा और करीब 7 साल गुजर गए। एक दिन ऐलेना की बहन को इसकी भनक लगी तो उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। फिर भी डॉक्टर कॉर्ल बिना सजा के छूट गया क्योंकि इस तरह के अपराध की कोई सजा थी ही नहीं।

## कपल ने शादी में एंट्री के लिए टिकट क्यों लगाया?

शादी में लोग गिफ्ट्स लेकर तो जाते ही हैं। बहुत से लोग रुपए भी देते हैं लेकिन एक कपल ने अपनी पूरी शादी मेहमानों से स्पॉन्सर करवा ली। इसके लिए उसने शादी में एंट्री टिकट लगा दिया।अमेरिकी



आंत्रप्रेन्योर मार्ले जैक्स और स्टीव लार्सन ने शादी की प्लानिंग के दौरान पाया कि छोटी-छोटी चीजों पर भी बहुत ज्यादा खर्चा हो रहा है। शादी के लिए उन्हें कर्ज लेना पड़ सकता था, लेकिन वे ऐसा नहीं करना चाहते थे।ऐसे में उन्हें शादी में एंट्री के लिए टिकट लगाने का ख्याल आया। इन्विटेशन कार्ड में लिखा गया- 'गिफ्ट मत लाइए, अपना खर्च खुद उठाइए।' शादी में दो तरह के एंट्री टिकट रखे गए। पहला टिकट 57 डॉलर यानी करीब 5 हजार रुपए का रखा गया। इसे लेने वाला शादी के दिन होने वाले सभी फंक्शन और डिनर में शामिल हो सकता था।इसके अलावा 997 डॉलर यानी करीब 87 हजार रुपए का वीआईपी टिकट रखा गया। इसे लेने वाला शादी से एक दिन पहले और एक दिन बाद तक के कार्यक्रमों और पार्टी में शामिल हो सकता था। एक टिकट पर सिर्फ एक ही व्यक्ति शादी में शामिल हो सकता था।इस तरह कपल ने 1.32 लाख डॉलर से ज्यादा की रकम इकट्ठा की। भारत में यह रकम करीब 1.16 करोड़ रुपए होती है। धूमधाम से शादी करने के बाद बची हुई रकम दान कर दी गई।

## जापान में लोग कीड़ों को पालतू क्यों बना रहे हैं?

घर में कुत्ते, बिल्ली, तोता वगैरह पालना तो आम बात है लेकिन जापानी लोग कीड़े पाल रहे हैं। जापानियों का पंसदीदा पालतू जीव 'बीटल' नाम का कीड़ा है। कीड़े पालतू जानवरों की तरह ही बेचे जा रहे



हैं। इतना ही नहीं दुकानों पर कीड़ों के लिए स्पेशल फूड भी मिल रहा है।कुछ की कीमत 20 हजार येन यानी करीब 12 हजार रुपए तक है। हाल ही में राजधानी टोक्यो में कीड़ों की एक बड़ी प्रदर्शनी लगाई गई। इसे 'द ग्रेट इंसेक्ट एग्जीबिशन' नाम दिया गया था। किसी आम पालतू जानवर की तरह ही ये कीड़े भी जापानी लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा हैं।वे इनके साथ खेलते हैं और देखभाल करते हैं। भारत समेत अधिकतर दुनिया में बच्चों को कीड़े-मकोड़ों से दूर रहने के लिए कहा जाता है। वहीं, जापान में बच्चों को छुटपन से ही कीड़ों के साथ खेलने को बढ़ावा दिया जाता है। बच्चों के लिए बहुत सारी किताबें भी लिखी जाती हैं। नतीजा ये है कि बच्चे कीड़ों से डरने के बजाय उन्हें पसंद करते हैं।

## चांद की धूल से पानी और ऑक्सीजन कैसे बन सकता है?

सालों से दुनिया भर के तमाम देश चांद पर इंसानी बस्ती बसाने के बारे में बात करते आए हैं। इसके लिए चांद पर ऑक्सीजन और पानी का इंतजाम बेहद जरूरी है। ऐसे में कई तरह के एक्सपेरिमेंट भी अलग-



अलग देशों में चल रहे हैं। इसी तरह के एक एक्सपेरिमेंट में चांद की धूल से पानी, ऑक्सीजन और रॉकेट फ्यूल बनाने का दावा किया है। साइंस जर्नल 'जूल' में छपी एक रिसर्च के मुताबिक चीन के वैज्ञानिकों ने चंद्रमा की धूल में मौजूद पानी की थोड़ी मात्रा को निकालने का प्रोसेस डेवलप किया है। इससे कार्बन मोनो ऑक्साइड और हाइड्रोजन गैस भी बनती है, जिसका उपयोग ईंधन के रूप में किया जा सकता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस प्रक्रिया से ऑक्सीजन भी बनाई जा सकती है। हांगकांग की चाईनीज यूनिवर्सिटी के रिसर्चर लू वांग ने बताया कि चांग'ई 5 मिशन में चांद की सतह से लाई गई धूल के अलावा नकली चंद्र धूल के नमूनों का उपयोग करके इस प्रोसेस का परीक्षण किया है। इससे हमारी चांद पर कॉलोनियां बनाना और आसान हो जाएगा। हालांकि, अभी रिसर्च और टेस्टिंग की जरूरत है। चंद्रमा की मिट्टी में पानी की खोज हो चुकी है नासा ने 2020 में चंद्रमा की सतह पर पानी की खोजा था। यह पानी मुख्य रूप से बर्फ के रूप में है। आंकड़ों से पता चला है कि चंद्रमा की 1 घन मीटर मिट्टी में 12 औंस यानी करीब 355 स्त के बराबर पानी मौजूद है। इस खोज से यह भी पता चला था कि पानी चांद के सूरज की रोशनी वाले हिस्से में भी हो सकता है। यह सिर्फ ठंडे और अंधेरे इलाकों तक ही सीमित नहीं है।

## चाइना में वयस्क सूदर्स (चुसनी) क्यों यूज कर रहे हैं?

आपने छोटे बच्चों के मुंह में अक्सर सूदर्स (चुसनी) देखी होगी। इसकी मदद से बच्चों को शांत करने और सुलाने में मदद मिलती है। लेकिन यही सूदर्स आपको अगर किसी चाइनीज वयस्क के मुंह में दिख जाए तो चौंकिएगा मत। न, न ये बचपन की लत नहीं है बल्कि चाइना में आजकल ये ट्रेंड चल पड़ा है।यही वजह है कि 25-50 रुपए में मिलने वाले ये सूदर्स चीन में 10 से लेकर 500 युआन यानी 120 से 6000 रुपए तक बिक रहे हैं। हजारों लोग ई-कॉमर्स साइट्स से खास वयस्कों के लिए बने सूदर्स खरीद रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि इससे तनाव कम होता है। एक यूजर ने ई-कॉमर्स साइट के रिव्यू सेक्शन में लिखा, 'इससे बिल्कुल बच्चे जैसा आराम महसूस होता है।' एक ई-कॉमर्स साइट का दावा है कि यह प्रोडक्ट न केवल चिंता कम करता है, बल्कि स्मोकिंग छोड़ने में भी मदद करता है। इतना ही नहीं इससे ठीक तरह सांस लेने में भी मदद मिलती है। वहीं, डॉक्टरों का कहना है कि वयस्कों का मुंह बच्चों से अलग होता है। लंबे समय तक सूदर्स के इस्तेमाल से जबड़े में दर्द और मुंह ठीक से न खुल पाने जैसी दिक्कतें हो सकती हैं।

# कानपुर ऑनलाइन गेम में 5 लाख जीता एलएलबी छात्र, दोस्तों ने यूपी एसटीएफ बनकर किया अपहरण




कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। कानपुर में एक लॉ स्टूडेंट ने ऑनलाइन गेम में पांच लाख रुपये की धनराशि जीत ली। इसके बाद पांच लाख रुपये जीतने की बात अपने दोस्तों को बता दी। रुपयों की बात सुनकर दोस्तों की नियत खराब हो गई। उन्होंने बांदा और महोबा से लड़कों को बुलाकर लॉ स्टूडेंट का कार से अपहरण कर लिया। छात्र के साथ मारपीट करते हुए अकाउंट में आए पांच लाख मांग करने लगे। किसी तरह कार से कूदकर छात्र सीधे थाने पहुंचा और पुलिस को पूरा घटनाक्रम बताया। इसके बाद पुलिस हरकत में आ गई। पनकी थाना क्षेत्र स्थित गणेश शंकर विद्यार्थी नगर निवासी एलएलबी छात्र अक्षत सिंह के मुताबिक गुरुवार शाम 7:20 बजे दोस्त निर्मल के साथ पार्क से टहल कर घर आ रहा था। इस दौरान भारत सरकार लिखी एक बोलेरा कार आई। चार से पांच नकाबपोश उतरे और दोनों से मारपीट करने लगे। उन्होंने निर्मल को भगा दिया। मुझे जबरन उठाकर कार में डाल दिया, उनमें से एक पास तमंचा भी था। उन्होंने खुद को यूपी एसटीएफ बताते हुए कहा कि तुम्हारे पास फ्रॉड के पांच लाख रुपये आए हैं। कार से कूदकर भागा छात्र- पांच लाख रुपए देदो तो छोड़ देंगे, नहीं तो जान से मार देंगे। किडनैपर काफी देर तक मुझे कार से इधर उधर घुमाते रहे। इस दौरान अरमापुर के आगे पनकी को जाने वाली रोड से पहले कार धीमी हुई। मौका पाकर चलती कार का दरवाजा खोलकर खुद गया। जब तक आरोपी उसे पकड़ने की कोशिश करते। छात्र ऑटो रुकवा कर बैठ गया और सीधे पनकी थाने पहुंचा। पुलिस घटना सुनते ही सक्रिय हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए। सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए। पुलिस छह आरोपियों दबोचा- पुलिस ने कैमरों की मदद से नारायणा कालेज के पीछे से छह आरोपियों को दबोच लिया, जबकि उनके चार साथी मौके से भाग निकले। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि इस योजना का मास्टरमाइंड शैलेन्द्र है। डीसीपी वेस्ट के मुताबिक अपहरण करने कुछ युवक छात्र के दोस्त हैं। कुछ उन लोगों द्वारा बुलाए गए लोग हैं। छात्र के कूदकर भागने से एक बड़ी घटना होने से बच गई।




## प्रयागराज में देवराहा बाबा के शिष्य के यहां 'चमत्कार',भीषण बाढ़, नहीं बुझी मचानवाले बाबा की अखंड ज्योति



प्रयागराज। अगर आप धैर्य, आस्था और अडिग सेवा का भाव रखते हैं तो कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी आशा की लौ नहीं बुझ सकती है। कुछ इसी प्रकार का संदेश प्रयागराज के झूंसी पुल के नीचे जलती अखंड ज्योति दे रही है। दरअसल, प्रयागराज इस समय भीषण बाढ़ की चपेट में है। संगमनगरी में इस समय गंगा और यमुना का जलस्तर खतरे के पार जा चुका है। घाट, मंदिर, आश्रम और मेला क्षेत्र सब पानी में डूब चुके हैं। लेकिन इसी संकट के बीच झूंसी पुल के नीचे बना एक आश्चर्यजनक मचान चर्चा का केंद्र बन गया है। यहां देवरहा बाबा के शिष्य, 'मचान वाले बाबा' के नाम से प्रसिद्ध रामदास महाराज की अखंड ज्योति बाढ़ में भी जलती रही।संगम क्षेत्र में यह यह स्थायी मचाननुमा मठ स्थित है। संगम क्षेत्र का यह एकमात्र ऐसा स्थान है जो सालभर वहीं स्थित रहता है। लगभग 10 फीट ऊंचे चबूतरे पर बने इस पंडाल में 80 फीट ऊंचा लोहे का खंभा है, जिसके शीशे से ढके मंच पर अखंड ज्योति वर्षों से जल रही है। बाढ़ के इस भीषण प्रकोप में जब मचान का एक हिस्सा ढह गया। इसके बाद भी ज्योति नहीं बुझी और खंभे के साथ-साथ अब भी जलती रही। नाव के जरिए मचान तक पहुंचकर इस ज्योति की सेवा लगातार जारी है।रामदास महाराज देवरहा बाबा के शिष्य हैं। वे पिछले दो दशकों से इस ज्योति की सेवा में लगे हैं। वह देसी घी से ज्योति जलाते हैं और पूजा-पाठ के लिए मचान से कई दिनों तक नीचे नहीं उतरते। बाढ़ के दौरान भी वे नाव से मचान तक पहुंचे और ज्योति को जलाए रखने की सेवा में जुटे रहे। उनका मानना है कि यह ज्योति देश के कल्याण, धर्म की रक्षा और मानवता के लिए जलाई जाती है। चाहे कोई आपदा क्यों न आए, यह कभी नहीं बुझनी चाहिए।मेला के दौरान रामदास महाराज का यह मचाननुमा आश्रम श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र होता है। दूर-दराज से लोग आते हैं, ज्योति के दर्शन करते हैं। उसकी महिमा सुनते हैं। यह पंडाल बाढ़, बारिश और गर्मी जैसे मौसमों को झेलने के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। इसकी देखरेख केवल बाबा और उनके शिष्य करते हैं। यह ज्योति बिना किसी सरकारी मदद या संस्था की सहायता के अखंड रूप से जल रही है।ऐसे समय में जब पूरी संगम नगरी जल संकट से जूझ रही है, तब यह अखंड ज्योति और उसका मचान श्रद्धालुओं के लिए चमत्कार की तरह है। यह दिखा रहा है कि सेवा, संकल्प और आस्था में कितनी शक्ति होती है। इस अखंड ज्योति के प्रज्वलित रहने की चर्चा हो रही है।

## क्या है जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवक योजना? प्रयागराज मंडल के 39 स्टेशनों पर सुविधा, जनरल यात्रियों को फायदा




प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में भारतीय रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवकों के जरिए यात्रियों को लंबी लाइन में लगकर टिकट जैसी स्थिति से निजात दिलाने की योजना है। रेलवे स्टेशनों के टिकट काउंटर्स पर लगने वाली लंबी लाइन के कारण कई बार यात्रियों की ट्रेन छूट जाती है। कई बार लंबी लाइन को देखकर यात्री बेटिकट की ट्रेन पर चढ़ जाते हैं, जिससे उन्हें पकड़े जाने पर भारी जुर्माना तक चुकाना पड़ता है। इस प्रकार की तमाम समस्याओं को दूर करने के लिए रणनीति तैयार की गई है।उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल की ओर से जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवकों की तैनाती का निर्णय लिया गया है। इसके लिए युवाओं को मौका देने की योजना है। जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवकों के तौर पर 1046 युवाओं को तैनात किया जाएगा। इन युवाओं को रेलवे टिकट बिक्री के एवज में कमीशन देगी। इससे इनके भीतर अधिक से अधिक टिकट बिक्री की भावना विकसित होगी। सामान्य टिकट खिड़की पर इससे भीड़ कम होने का अनुमान है।प्रयागराज मंडल के 39 स्टेशनों पर 1046 जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवकों की तैनाती की तैयारी है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन मांगा गया है। मंडल के प्रयागराज जंक्शन, कानपुर, विंध्याचल, भरवारी, सिराथू, अलीगढ़, इटावा समेत 39 स्टेशनों पर इनकी सेवा मिलेगी। इसके लिए 19 अगस्त तक आनलाइन आवेदन करने का मौका है।प्रयागराज मंडल के सीनियर डीसीएम हिमांशु शुक्ला ने जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवकों को लेकर विस्तार से जानकारी दी है। उन्होंने इन्हें रेलवे टिकट स्टेशन के बाहर बेचने की अनुमति दी जाएगी। टिकट बुकिंग सेवकों को एक टिकट बेचने पर दो रुपये कमीशन दिया जाएगा।

## प्रयागराज में बाढ़ प्रभावित महिला से थाली वापस लेने पर बवाल! रियलिटी चेक में सामने आई सच्चाई



प्रयागराज। संगम नगरी इन दिनों भारी बाढ़ से ग्रस्ति है। यमुना-गंगा नदी का जलस्तर विकराल होने से काफी संख्या लोगों के घरों लेकर अन्य ठिकाने पानी में डूब गए हैं। लोगों की मदद के लिए राहत शिविर भी प्रशासन और संस्थाओं द्वारा चलाए जा रहे हैं। इसी बीच ऋषिकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय न्याय नगर में बना बाढ़ राहत शिविर चर्चा में आ गया है। यहां आपदा पीड़ित महिला को पूड़ी-सब्जी वाली खाने की थाली देकर फोटो खींची गई और वापस उठा ली गई। इसको लेकर काफी विवाद हो रहा है। वहीं मामले का रियलिटी चेक करने पर सच्चाई सामने आई।सविता देवी समेत अन्य लोगों से पता चला कि करीब 2 दिन पहले एक संस्था के लोगों द्वारा राहत पैकेट (भोजन) बांटा गया था। हालांकि वितरण शुरू करने के बाद उन लोगों की ज्यादा संख्या देखते हुए खाना देना रोक दिया गया। लोगों को बताया गया कि जब पर्याप्त थाली वाले पैकेट आ जाएंगे तब दोबारा वितरण शुरू होगा। बताया जा रहा है कि सात-आठ लोगों को पैकेट वितरित किया गया था, उसकी फोटो खींची गई। फिर उन सभी लंच पैकेट को भी उन्होंने वापस लिया और कहा कि जब सारे पैकेट आ जाएंगे तब सबको वितरित करेंगे।लोगों की संख्या 500 के आसपास थी और सिर्फ 250 थाली पैकेट होने की बात कही गई। इसी बात को कुछ महिलाओं ने मुद्दा बनाया। इसके बाद ही खाना वापस लेने बात फैल गई। हालांकि बाद में सभी को खाना दिया गया। वहीं बताया गया कि चार-पांच दिन पहले जो संस्था यहां पर खाना वितरित करती थी, बेहद खराब क्वालिटी का था। शिकायत करने पर जिला प्रशासन ने संज्ञान लिया और उस एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करते हुए दूसरी संस्था को टेंडर दिया। अब खाने की क्वालिटी काफी अच्छी आ रही है।

# डोनाल्ड ट्रंप पर भड़के अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद, बीजेपी पर बोले- सरकार की विदेश नीति 100प्रतिशत फेल है



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और फैजाबाद (अयोध्या) लोकसभा सीट से सांसद अवधेश प्रसाद ने बीजेपी सरकार पर जोरदार हमला बोला है। सपा सांसद ने मिल्कीपुर उपचुनाव और पहलगाम आतंकी हमले को लेकर बीजेपी सरकार पर निशाना साधा है। इसके साथ ही अवधेश प्रसाद ने कहा कि हमारे देश की विदेश नीति 100 फीसदी फेल है। उन्होंने मांग की कि अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप की बयानबाजी को लेकर निंदा प्रस्ताव आना चाहिए। जिसमें चेतावनी हो। इससे पूरी दुनिया को एक मैसेज जाएगा। अयोध्या से सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि मिल्कीपुर उपचुनाव में जो लोग मर गए थे, जो अब इस दुनिया में नहीं है। जिन बेटियों की शादी हो गई और अपने ससुराल में रह रही हैं। ऐसे तमाम लोगों का सूची तैयार किया गया था। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के 5000 गुंडे आये थे, उन्हें दे दिया गया था। वो लोग जाकर कागज दिखाते थे। इसको लेकर अब राहुल गांधी, अखिलेश यादव और इंडिया गठबंधन के सभी नेता लगे है कि इस तरह का खेला नहीं होने देंगे।समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि हमारे देश की सेना का गौरवशाली इतिहास है। दुनिया के लोग हमारे देश की सेना के सामने नतमस्तक होते हैं। दुनिया में हमारी सेना का नाम है। लेकिन देश के जनता जानना चाहती है कि इतनी सुरक्षा के बावजूद क्या कारण था कि आतंकवादी घुस गए। क्या कमी थी? कहां चूक हुई? ये सवाल जायज है जिसे हम लोकसभा में उठा रहे हैं। लेकिन इस सवाल का जवाब नहीं दे पाए। सपा सांसद ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप की बयानबाजी को लेकर एक निंदा का प्रस्ताव पारित होना चाहिए। साथ ही एक चेतावनी होनी चाहिए।सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने आगे कहा कि जब निंदा का प्रस्ताव और चेतावनी होगी तो देश और दुनिया मे एक मैसेज जाएगा। लेकिन पीएम मोदी में पता नहीं क्या कमजोरी है। जबकि पीएम मोदी ने सबसे ज्यादा दूसरे देशों का दौरा किया है। सपा सांसद ने कहा कि हमारी विदेश नीति पूरी तरह से फेल हैं। पड़ोसी देशों से भी फेल है। पाकिस्तान को देश आर्थिक सहायता दे रहे हैं। वर्ड बैंक की ओर से पाकिस्तान को आर्थिक सहायता दी गई है। ये जाहिर करता है कि हमारी विदेश पॉलिसी 100 फीसदी फेल है।

## नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग सेंटर के करियर काउंसलिंग कार्यालय का उद्घाटन

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)




प्रयागराज/नैनी। बीते शुक्रवार को नैनी इंडस्ट्रियल एरिया स्थित नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग सेंटर में करियर काउंसलिंग ऑफिस का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर इंडस्ट्रियल एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज श्री मुन्?ना कुशवाहा ने फीता काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह के दौरान श्री कुशवाहा ने संस्थान के कार्यों की सराहना की और युवाओं को सही मार्गदर्शन देने की दिशा में इस पहल को एक सराहनीय कदम बताया। कार्यक्रम के दौरान केक काटा गया और सभी स्टाफ सदस्यों को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई गई। संस्थान के प्रबंधक ने बताया कि यह करियर काउंसलिंग ऑफिस छात्रों को तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ करियर संबंधी उचित मार्गदर्शन प्रदान करेगा, जिससे वे भविष्य में बेहतर निर्णय ले सकें। इस अवसर पर संस्था के समस्त शिक्षक, प्रशिक्षक, कर्मचारीगण एवं छात्र उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत विद्यालयों में निकाली गई रैली, परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने गांव में भृमण करके लगाएं नारे

### लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जागृत करेगा 'हर घर तिरंगा' अभियानः बीएसए



(आधुनिक समाचार नेटवर्क) रायबरेली। बीते शुक्रवार को काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी महोत्सव पर शुक्रवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत परिषदीय विद्यालयों में बच्चों ने तिरंगा रैली निकाली। शहर से लेकर गांव तक से स्कूलों में निकाली गई रैली के दौरान भारत माता की जय के जयकारे लगाते हुए रैली ने शहर के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण किया। इस विद्यालयों में काकोरी कांड पर प्रकाश भी डाला गया। स्कूल के छात्र छात्राओं ने शहीदों को नमन करते हुए देशभक्ति के गीत गाए। बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि अभियान के तहत विद्यालयों में शानदार तरीके से जश्न-ए-आजादी को मनाया जा रहा है। 'हर घर तिरंगा' सप्ताह के अंतर्गत आज विद्यालयों में सुबह प्रार्थना के समय जहां तिरंगा फहराया गया। उसके बाद गांव में प्रभातफेरी निकाली गई। इसके अलावा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी शिवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के तहत एक सप्ताह तक चलने वाले विविध कार्यक्रमों की कड़ी में आज विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार 'हर घर तिरंगा' सप्ताह के अंतर्गत विद्यालयों में पहले प्रभात फेरी निकाली गई। अमावां ब्लॉक के विद्यालयों में भी शानदार तरीके से रैली निकाली गई। कम्पोजिट विद्यालय जरैला में प्रधानाध्यापिका शैल कुमारी के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गई। कम्पोजिट विद्यालय पहाड़पुर में निकाली गई प्रभात फेरी के दौरान प्रधानाध्यापिका गीता सिंह, शैलेश श्रीवास्तव, सुशील भारद्वाज आदि मौजूद रहे। उच्च प्राथमिक विद्यालय डिडौली में निकाली गई रैली के दौरान ग्राम प्रधान पूनम सिंह और उनके प्रतिनिधि राजकुमार सिंह ने बच्चों को डंडा और तिरंगा बच्चों को वितरीत किया। इसके अलावा सारीपुर, नरई, गोहन्ना, नेवाजगंज, बावन बुजुर्ग बल्ला, बबूरिहा आदि विद्यालयों में रैली निकाली गई।

## छात्राओ ने नैनी जेल रोड पुलिस चौकी प्रभारी श्री अमित कुमार जी को राखी बांधकर रक्षाबंधन कार्यक्रम को संपन्न किया

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)



प्रयागराज। रक्षाबंधन के पर्व पर सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र में राखी बनाओ प्रतियोगिता का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया ६ विद्यालय की छात्राएं नैनी जेल रोड पुलिस चौकी प्रभारी श्री अमित कुमार जी को राखी बांधकर रक्षाबंधन कार्यक्रम को संपन्न किया ६ विद्यालय में कार्यक्रम के शुभारंभ में निर्णायक के रूप में श्रीमती लीला देवी तथा श्रीमती राधा शुक्ला उपस्थित रहे, आप लोगों ने विद्यालय के प्ले ग्रुप से 12 तक 207 छात्र छात्राओं द्वारा बनाए गए हस्त निर्मित रखियो का अवलोकन किया और उनके द्वारा बनाए गए रखियो की सराहना की। इसके साथ ही विद्यालय की छात्राओं ने विद्यालय में उपस्थित पेड़ पौधों को राखी बांधकर उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्र, वरिष्ठ आचार्य राधेश्याम तिवारी, संजय कुमार मिश्र,आशा तिवारी ,वंदना सिन्हा ,रतना कुशवाहा अंजली सिंह जयति श्रीवास्तव ,बबीता पांडे , कल्पना मिश्र , सविता तिवारी ,प्रतिभा त्रिपाठी ,सौम्या सिंह, प्रियंका मिश्रा ,मनोज्नू द्विवेदी, निकिता मिश्रा सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



## आबकारी विभाग ने पकड़ी 120 लीटर अवैध कच्ची शराब

(आधुनिक समाचार नेटवर्क) रायबरेली। बीते शुक्रवार को जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया है कि जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार,संयुक्त आबकारी आयुक्त लखनऊ जोन एव उप आबकारी आयुक्त लखनऊ प्रभार के मार्गदर्शन मे अवैध शराब के निर्माण , बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत आबकारी निरीक्षक क्षेत्र -1 , द्वारा थाना भदोखर में कबुलियन , कटहरतर का पूर्वा एवं आबकारी निरीक्षक क्षेत्र -3 द्वारा थाना खीरो में नंदाखेड़ा,मोहनपुर के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। दबिश के दौरान लगभग 120 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 500 किलोग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट कर 06 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए। जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।




## जनपद के समस्त निजी/प्राइवेट कम्पनियों, प्रतिष्ठानो, फर्मों इत्यादि के मुख्यालयों का पंजीकरण 12 अगस्त से पूर्व कराना करें सुनिश्चित : जयपाल वर्मा

(आधुनिक समाचार नेटवर्क) रायबरेली। जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा ने बताया है कि मा0 उच्चतम न्यायालय में योजित सिविल याचिका संख्या 2482/2014 Aureliano Fernandes Vs Statae Of Goa & Ors. के संबंध में निर्देश पारित किये गये है कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रख्यापित महिलाओं का कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 अधिनियम की धारा-4 के अनुपालन में जनपद स्तर के ऐसे प्रत्येक शासकीय, अर्द्ध शासकीय एवं अशासकीय (निजी) विभाग, संगठन, उपक्रम, स्थापन, उद्यम, संस्था, शाखा अथवा यूनिट में जहां कार्मिकों की संख्या 10 से अधिक है, एसे सभी कार्यालयों के नियोजकों द्वारा कार्य स्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न संबंधी शिकायतों की जांच हेतु आन्तरिक परिवाद समिति (Internal Complaints Committee) का गठन किया जायेगा। यदि कोई नियोजक अपने कार्यस्थल में नियमानुसार आन्तरिक समिति का गठन न किये जाने पर सिद्धदोष ठहराया जाता है, तो नियोजक पर रू0 50,000/- तक का अर्थदण्ड अधिरोपित किये जाने का प्राविधान है तथा नियोजक दूसरी बार सिद्ध दोष ठहराये जाने पर पहली दोष सिद्धि पर अधिरोपित दण्ड से दुगने दण्ड का दायी होगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जनपद में संचालित समस्त निजी/प्राइवेट कम्पनियों, प्रतिष्ठानो, फर्मों इत्यादि के मुख्यालयों को सूचित किया है कि अपने मुख्यालयो का पंजीकरण 12 अगस्त 2025 से पूर्व कराना सुनिश्चित करे।

# पानी के एक-एक बूंद के लिए परेशान शिव शक्ति अपार्टमेंट सेक्टर 71

(आधुनिक समाचार नेटवर्क) नोएडा सेक्टर 71 शिव शक्ति का बोतल खरीद के उसी पानी को पीते हैं और सुबह शाम अपनी तक यह समस्या सॉल्व होगा समस्या बहुत गंभीर है नोएडा में पानी और



अपार्टमेंट को बसे हुए इतने साल हो गए लेकिन यहां की जनता को पानी और बिजली से निजात नहीं दिला पा रहे हैं एक-एक बूंद के लिए जनता परेशान है कोई भी अधिकारी गण इस बात को सुनने के लिए तैयार नहीं चार मंजिल के फ्लैट हैं ग्राउंड फ्लोर पर 20 मिनट के लिए पानी आया बाकी फर्स्ट फ्लोर सेकंड फ्लोर और थर्ड फ्लोर के लिए एक बूंद का पानी नहीं है जनता रु20 दिनचर्या इस रु20 बोतल की पानी से करते हैं। आर डब्ल्यू ए महासचिव संजय शुक्ला ने हमारे ब्यूरो प्रभारी देव मणि शुक्ल को बताया कि हम लोग बार-बार कहते हैं कि हमारा नोएडा विश्व की नंबर वन सिटी है जिस सिटी में पानी और लाइट के लिए जनता परेशान हो वह नंबर वन कैसे हो सकती है यहां के अधिकारी को फोन करो तो बोलते हैं हमें पता नहीं भैया कब लाइट इस पर आज तक किसी भी बड़े अधिकारी या बड़े नेता का ध्यान नहीं जाता है जनता बहुत परेशान है हमारे सेक्टर के निवासी गण हमसे इस विषय पर पूछते रहते हैं लेकिन हमारे पास कोई भी जवाब नहीं होता है हम क्या करें किस अधिकारी के पास जाएं कौन से नेता के पास जाएं जो इन समस्याओं का समाधान कर सके और इस पर तत्काल उचित कार्रवाई करने की कृपा करें।

# मुकुंदपुर टाइगर सफारी को रीवा में शामिल करने के प्रस्ताव का विरोध तेज

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)



मैहर। मुकुंदपुर टाइगर सफारी को रीवा में शामिल करने के प्रस्ताव के खिलाफ सतना-मैहर क्षेत्र में विरोध की लहर तेज हो गई है। इसी क्रम में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने इस प्रस्ताव का पुरज़ोर और सख्त शब्दों में विरोध दर्ज कराया है। श्रीकांत चतुर्वेदी ने स्पष्ट किया कि मुकुंदपुर टाइगर सफारी मैहर की पहचान और गौरव का प्रतीक है, जिसे किसी भी सूरत में रीवा में स्थानांतरित करना उचित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से न केवल मैहर की पर्यटन संभावनाओं को नुकसान पहुंचेगा बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस प्रस्ताव को तुरंत वापस लेने की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि इस पर पुनर्विचार नहीं किया गया, तो क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और जनता व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# विकास भवन के सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई संपन्न

(आधुनिक समाचार नेटवर्क) नोएडा। बीते शुक्रवार को जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मेधा रूपम की भंगेल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दादरी, दनकौर, जेवर एवं जिला चिकित्सालय को निर्देशित किया प्रगति में जिलाधिकारी ने नॉन कम्युनिकेबल डिसीज, आभा आईडी इत्यादि की समीक्षा की, जिसमें पाया



अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में आज जिला स्वास्थ्य समिति की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई, जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन सामान्य तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ शत् प्रतिशत पहुंचे सके इस प्रकार सभी संबंधित अधिकारीगण आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करें। जिलाधिकारी ने आउटडोर मरीज, भर्ती मरीजों, जननी सुरक्षा योजना में लाभार्थियों के भुगतान कम होने पर संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि शत् प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित करें, स्वास्थ्य इकाइयों पर होने वाले संस्थागत प्रसव में कमी के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने संबंधित चिकित्सा अधीक्षकों/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुधार लाएं। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान जननी सुरक्षा योजना में लाभार्थियों के भुगतान मात्र 57फीसदी था, जिस सुधार लाने हेतु निर्देशित किया और कहा की शत प्रतिशत जननी सुरक्षा योजना का भुगतान सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने ई-संजीवनी, टेली कंसल्टेशन की समीक्षा के दौरान जनपद में कम उपलब्धि वाले 10 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं चिकित्सा अधिकारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नियमित टीकाकरण, आशा चयन, आशाओं के भुगतान की भी समीक्षा की, जिसमें जनपद में लगभग 118 आशाओं का चयन शेष है, जिसके लिए जल्द से जल्द आशाओं की चयन प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। प्रथम संदर्भ में इकाई एफ आर यू की समीक्षा के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंगेल एवं जेवर में उपलब्धि संतोषजनक नहीं पाई गई, जिस पर चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देशित किया गया की उपलब्धि में सुधार लाएं। गया कि ई-कवच पोर्टल पर फिटिंग शत प्रतिशत नहीं है, जिसे पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, दवाओं की उपलब्धता,

चिकित्सकों की उपलब्धता, 102 और 108 एंबुलेंस की क्रियाशीलता, नियमित टीकाकरण, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान इत्यादि की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी ने संपूर्ण टीकाकरण को शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ शिवाकांत द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ अजय राणा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शुभ्रा मित्तल, डॉक्टर आरपी सिंह, नोडल अधिकारी एनएचएम डॉक्टर उबेद कुरेशी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर संजीव कुमार, नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत, जिला कार्यक्रम प्रबंधक मनजीत कुमार एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आरडब्ल्यूए की बैठक में पॉकेट 7 की प्रमुख समस्याओं पर हुई चर्चा

(आधुनिक समाचार नेटवर्क) नोएडा आरडब्ल्यूए द्वारा ईडब्ल्यूएस पॉकेट 7 सेक्टर 82 में के लिए स्टीमेट भेजा गया है जिसकी स्वीकृति के बाद स्थाई समाधान हो जाएगा। प्राधिकरण के खाली ही ट्रांसफार्मर के पास खुले जाली के गेट भी खतरे को दावत दे रहे हैं। प्रमुख समस्याओं का शीघ्र



एक बैठक आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राघवेंद्र दुबे ने की। बैठक में सीवर की समस्या , गले हुए विद्युत पोल, जर्जर मीटर पैनल बॉक्स, पार्कों की स्थिति, सहित कई समस्याओं पर विचार विमर्श और उनके समाधान पर चर्चा की गई।इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राघवेंद्र दुबे ने कहा कि लंबे समय से सीवर लगातार ओवर फ्लो हो रहे हैं लेकिन अभी तक कोई स्थाई समाधान नहीं हुआ है। इस सम्बन्ध में अधिकारियों से मुलाकात के बाद आश्वासन दिया गया है कि सीवर की समस्या के समाधान फ्लैटों का प्लास्टर पूरी तरह झड़ चुका है और जर्जर फ्लैट हादसों को दावत दे रहे हैं लिखित शिकायत कई बार की गई है लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है। विवेक बिहार में पॉकेट 7 की बाउंड्री वाल से लगे गार्बेज रीसाइक्लिंग प्लांट के कारण इतनी बदबू आती है कि आस पास के ब्लॉक के लोगों का जीना दूभर हो गया है लेकिन अधिकारियों की उदासीनता से लोग बदबू में जीने को मजबूर हैं। पॉकेट में बिजली के कई खंभे गले हुए हैं और कई ब्लॉक में मीटर पैनल बॉक्स जर्जर हो चुके हैं जिनको विभाग ने एक वर्ष पहले बदलने को कहा था साथ समाधान नहीं हुआ तो जल्द मुख्यकार्यपालक अधिकारी और विद्युत विभाग के आला अधिकारियों से मिलकर अवगत कराया जाएगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष रवि राघव, कोषाध्यक्ष सुशील पाल, गोरे लाल, पप्पू सिंह, घनश्याम जोशी, मिथिलेश राय, सुभाष शर्मा, ललित शर्मा,अंगद सिंह तोमर, संजय पांडे, सुभाष शर्मा, राजवीर सिंह, विकास कुमार, रमेश चंद शर्मा, दीपक तिवारी, राजेश पाठक, बिजेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह,प्रकाश जोशी, दीपक मेहरा , सतपति जी, अनूप शर्मा, सेंसर पाल, संगम प्रसाद मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# नकली प्रतीक राय बन जमीन बेचने वालों पर दर्ज होगी एफआईआर

(आधुनिक समाचार नेटवर्क) मैहर। हाई प्रोफाइल जमीन फर्जीवाड़ा मामले पर फरियादी प्रतीक राय ने 2010 में बदनपुर दक्षिण पट्टी पर जमीन खरीदी की थी उसके बाद से वह अपने ग्रह ग्राम नागपुर में ही रह रहे थे देखा जाए तो उनकी गैर मौजूदगी में इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था जिसमें इस न्यायालय0096/अ- 74/2024-25 मैं पारित आदेश दिनांक 7.7.2025 द्वारा आवेदक के आवेदन पत्र को स्वीकार किया गया है तथा प्रकरण में अनावेदक राजकुमार गौतम के विरुद्ध किए गए अपराध के संबंध दस्तावेजों के साथ मैहर एसडीएम को सुपुर्द की थी अब इस मामले पर मैहर एसडीएम ने जांच के बाद बदेरा थाना प्रभारी को पत्र जारी कर समस्त आरोपी पक्ष के बयान दर्ज करने के साथ ही अपराध पंजीबद करने के निर्देश जारी किए हैं इस संदर्भ में थाना प्रभारी




भूमाफियाओं ने नकली दस्तावेज तैयार कर प्रतीक राय का नकली आधार कार्ड एवं उनकी जगह नकली प्रतीक राय को बनाकर उसे जमीन को राजकुमार गौतम को बेच दिया गया राजकुमार को जमीन बेचने के बाद यह जमीन आरसीसीपीएल बिरला सीमेंट फैक्ट्री को बेच दी गई लेकिन जब इस जमीन के नामांतरण की बारी आई तो यह भनक प्रतीक राय को लगी तो उन्होंने इस मामले पर लिखित शिकायत आवेदन मैहर एसडीएम एवं पुलिस अधीक्षक मैहर को दिया जिसके बाद इस मामले पर जांच शुरू हो गई और देखा जाए तो जांच के उपरांत मैहर एसडीएम ने भी माना कि इस मामले पर फर्जीवाड़ा किया गया है और उन्होंने दिनांक 10 7.2025 को पत्र क्रमांक 4462 रीडर वन 2025 को बदेरा थाना प्रभारी को पत्र जारी कर इस संदर्भ में आरोपियों के बयान दर्ज कर मामला दर्ज करने की बात कही है इस पत्र में मैहर एसडीएम ने प्रकरण क्रमांक 0096/अ- 74/2024-25 मैं मैहर एसडीएम में उल्लेख किया है कि फरियादी द्वारा आराजी नंबर 4 / 1 / छ वर्तमान नंबर 4 / 1 / 7 रखवा 0.200 हेक्टर खसरा नंबर 46 / 1 /व वर्तमान नंबर 46 /1/ 2 र क वा 0.500 हेक्टेयर के संबंध में में सभी दस्तावेजों की जांच विवेचना करते हुए एवं आवश्यक कथन साक्षी अर्जित करते हुए तत्काल कार्यवाही कर कार्यालय को अवगत कराने हेतु आदेश किया गया है इस संदर्भ में राजकुमार गौतम जिसने यह आरजी आरोपी संजू शुक्ला गोपाल असवानी दीपक लालवानी अजय सावलानी संजय मिश्रा धनंजय सिंह भोला पांडे से खरीदी की थी जिसमें संजय मिश्रा और धनंजय सिंह द्वारा नकली एक व्यक्ति को निकली आधार कार्ड के साथ लाकर उसे भू स्वामी प्रतीक राय पिता विश्वास राय बताया और परिचय कराया था जिसके बाद जमीन का सौदा तय हुआ और राजकुमार ने यह जमीन खरीद ली थी जिसके बाद राजकुमार गौतम ने लगभग साल भर बाद इस जमीन को रिलायंस सीमेंट एमपी बिरला आरसीसी पीएलसी सीमेंट फैक्ट्री को बेच दी थी बचने के बाद इस मामले का खुलासा हुआ था जिसमें राजकुमार गौतम के साथ आरोपियों ने विश्वास में लेकर ठगी का शिकार बनाया लेकिन इस संदर्भ में जब मामला के खुलासा हुआ तो फरियादी प्रतीक राय के शिकायत के बाद राजकुमार गौतम ने भी पुलिस अधीक्षक मैहर को लिखित आवेदन प्रस्तुत किया था एवं मैहर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर घटना की आप बीती जानकारी पूरे अभिषेक सिंह परिहार ने बताया कि न्यायालय मैहर एसडीएम द्वारा पत्र प्राप्त हुआ है जिस संदर्भ में जांच की जा रही है और इस घटनाक्रम में सभी आरोपियों से पूछताछ की जाएगी इसके बाद आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर लिया जाएगा। मामले का उजागर होने के बाद संजय मिश्रा ने राजकुमार गौतम को अपना कर्जदार बताते हुए एक वीडियो भी बना कर वायरल करवाया था जिसमें उसने कहा कि राजकुमार गौतम उनसे रु800000 कर्ज बतौर लिए थे जो उन्होंने मुझे पैसे लौटाया है उनका इस घटनाक्रम से कोई लेना-देना नहीं है जबकि देखा जाए तो संजय मिश्रा और धनंजय सिंह गोपाल असवानी दीपक लालवानी अजय सावलानी यह पांच लोगों की मास्टरमाइंड सोच और प्लानिंग के साथ इस जमीन की फर्जी वाडा किया गया था इतना ही नहीं नकली दस्तावेज भदनपुर पहाड़ के ही एक ऑनलाइन कंप्यूटर सेंटर में तैयार किया गया था जिसमें आरोपियों का साथ भोला पांडे ने दिया था इस मामले को उजागर होने के बाद राजकुमार गौतम के ऊपर आरोपियों द्वारा दबाव एवं जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है जिसकी भी शिकायत पुलिस अधीक्षक को की गई है।

# शहरवासियों के जोश ने बढ़ाया वॉलीबॉल खिलाड़ियों का उत्साह,मुज़फ्फरनगर लायंस और मथुरा योद्धास ने जीते अपने अपने मुकाबले

(आधुनिक समाचार नेटवर्क) नोएडा। शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में चल रही उत्तर प्रदेश प्रो वॉलीबॉल लीग के दूसरे दिन दो मैच का आयोजन हुआ। पहला मैच काशी वारियर्स और मुज़फ्फरनगर लायंस के बीच खेला गया,वहीँ दिन का दूसरा मैच मुरादाबाद बुल्स और मथुरा योद्धास के बीच खेला गया। दोनों ही मैच में खिलाड़ियों का जोश देखते ही बन रहा था वहीँ पहली बार ग्रेटर नॉएडा स्थित शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में पहली बार हो रही उत्तर प्रदेश प्रो वॉलीबॉल लीग को देखने के लिए काफी संख्या में शहरवासी पहुँच रहें हैं। जैसे की वॉलीबॉल की गेंद पर किसी खिलाड़ी द्वारा शॉट लगाया जाता ,खेल परिसर में मौजूद दर्शक तालियाँ बजाकर खिलाडियों का उत्साह बढ़ाते दिखे । दूसरे दिन हुए लीग के पहले मैच में मुज़फ्फरनगर लायंस ने एक तरफ़ा बाजी मारी और अपनी विपक्षी टीम काशी वारियर्स को 3-0 से मात दी। वहीँ लीग का दूसरे मैच में मुरादाबाद बुल्स और मथुरा योद्धास के खिलाड़ियों ने अपना दम दिखाया। दूसरे मैच में कड़े मुकाबले के बाद मथुरा योद्धास ने विजय हासिल की और अपनी विपक्षी टीम मुरादाबाद बुल्स को 3-0 से हराया। दोनों मैचों के दौरान सभी टीमों के खिलाड़ियों द्वारा शानदार खेल देखने को मिला, सभी खिलाड़ी अपनी टीम के लिए एक एक पॉइंट जुटाने में जी जान लगाते दिखे। मैच के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने और विजेता टीमों को प्रोत्साहित करने के लिए खेल परिसर में डिफरेंटली अबलेड क्रिकेट कौंसिल ऑफ़ इंडिया के चेयरमैन राजेश भारद्वाज भी मौजूद रहे।

# सपा नोएडा महानगर ने फूलन देवी की जयंती पर किया शानदार गोष्ठी का आयोजन

(आधुनिक समाचार नेटवर्क) नोएडा सपा नोएडा महानगर ने महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय टिकट दिया । महासचिव विकास यादव ने कहा कि वीरांगना फूलन देवी मीरपुर संसदीय क्षेत्र की जनता



गुप्ता की अध्यक्षता में सेक्टर 53 स्थित सपा नोएडा महानगर कैंप कार्यालय पर वीरांगना फूलन देवी की जयंती पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन महासचिव विकास यादव के द्वारा किया गया। महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता ने कहा कि फूलन देवी का संघर्ष नारी शक्ति एवं सामाजिक न्याय का प्रतीक बन गया. वंचित समाज की महिला के साथ प्रबुद्ध वादी ताकतों ने जो जघन्य अत्याचार और अपमान किया उससे उन्हें बागी का जीवन जीना पड़ा। प्रदेश सचिव जय करण चौधरी वह वरिष्ठ नेता भीष्म यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने फूलन देवी को सांसद का ने अपार समर्थन से वह वर्ष 1996 में सांसद बनकर देश के उच्च सदन में पीड़ित अपेक्षित बेसहारा समाज की आवाज बनकर उभरी।मीडिया प्रभारी गौरव कुमार यादव ने कहा कि फूलन देवी की कहानी समाज के पिछड़े वंचित और दलित समाज के संघर्ष का इतिहास है। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य लोगों में वीरपाल प्रधान, रणपाल अवाना,सोनू त्यागी , अनिल पाल,गौरव सिंगल, सतवीर यादव,बबली शर्मा,राम सहेली, रेणुका मेथी , राजेश अंबावता, हरपाल सिंह ,रामवीर यादव , महेश कुमार ,कृपा शंकर यादव, विनोद, नीर अवाना, जितेंद्र कुमार,कृष्ण कुमार, सिकंदर पासवान, विश्वास,शेखर यादव, मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# समाज सेविका नीलम द्विवेदी का हुआ निधन

(आधुनिक समाचार नेटवर्क) नोएडा। सेक्टर 93 सुपर एमआईजी विवाह में भी अच्छी भागीदारी रहती थी। श्रीमती नीलम द्विवेदी के निधन



की वरिष्ठ समाजसेविका श्रीमती नीलम द्विवेदी का छत के गिरने से असामायिक मृत्यु हो गई। श्रीमती नीलम द्विवेदी सेक्टर वासियों के लिए हरदम खडी मिलती थी। सेक्टर में धार्मिक कार्यक्रम जैसे भजन कीर्तन, श्रीमद्भागवत कथा, रूद्राभिषेक, श्रीराम कथा की सुत्रधार हुआ करती थी। गरीबों असहायों को ठंडियो में ऊनी कपड़े देती थी। महिलाओ के उत्थान हेतु खेलकूद प्रतियोगिता, अंताक्षरी प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम भी कराती रहती थी, महिला स्वयं सेविका में भी सक्रिय भूमिका रहती थी, भाजपा से जुडी होने के कारण मंडल में भी दायित्व निभा रही थी। सोसायटी के आर डब्ल्यू ए से भी जुडी हुई थी। गरीब कन्याओं के पर सेक्टर का आम जनमानस भी बहुत दुखी है। श्रीमती नीलम द्विवेदी के अन्तिम संस्कार में सैकड़ों लोगों की भीड़ देखने को मिली। श्रीमती नीलम द्विवेदी अपने पीछे अपने पति एवं एक बेटा और एक बेटी छोड़कर चली गई। आज पूरा सेक्टर बहुत दुखी मन से अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने वालों में आर डब्ल्यू ए अध्यक्ष प्रवेश चौहान, एल एस तिवारी, भाजपा के वरिष्ठ नेता गौतम शर्मा, विनय त्रिवेदी, गोरे लाल, राजवीर सिंह, रमेश चंद्र शर्मा, संजय पांडेय, रमेश कुमार वर्मा, अंगद सिंह तोमर, दीपक तिवारी, हरि शंकर सिंह, शुभाष शर्मा, हंस मणि शुक्ल, सर्वेश तिवारी, धर्मेंद्र सिंह, राजेश कुमार गुप्ता, वीरेंद्र राय आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# शिव शक्ति अपार्टमेंट सेक्टर 71 में जल भराव से जनता त्रस्त

(आधुनिक समाचार नेटवर्क) नोएडा। शिव शक्ति अपार्टमेंट सेक्टर 71 में तेज बारिश के कारण मकान में पानी घुस गया है ।जिससे निवासी गणों को बहुत बड़ी परेशानी विषय में हमने कई बार सिविल डिपार्टमेंट एवं हेल्थ डिपार्टमेंट को लेटर के माध्यम से अवगत कराया गया था लेकिन कोई भी सुनवाई नहीं होती है जिसका प्रमाण मैं



का सामना करना पड़ रहा है यह लापरवाही सिविल डिपार्टमेंट एवं हेल्थ डिपार्टमेंट की ओर से है सिविल डिपार्टमेंट ने जो नालियां बनाई है उससे निकासी होती ही नहीं। और हेल्थ डिपार्मेंट पूरी नालियों की सफाई नहीं किया है जिसके कारण बारिश का पानी हमारे निवासियों के घरों में सीवर लाइन ओवरफ्लो होकर घरों में घुस रहा है। आर डब्ल्यू ए महासचिव संजय शुक्ला ने हमारे ब्यूरो प्रभारी देव मणि शुक्ल से बताया कि इस वीडियो के माध्यम से एवं फोटो के माध्यम से आप लोगों को भेज रहा हूं आप लोग खुद देखे कि हमारे शिव शक्ति अपार्टमेंट की जनता किन हालातो में अपने जीवन जी रहे हैं। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों एवं कर्मचारी के कारण हमारे शिव शक्ति अपार्टमेंट की जनता त्राहि त्राहि कर रही है मेरा सभी से अनुरोध है इस पर तत्काल कार्रवाई करें शिव शक्ति अपार्टमेंट की जनता आप लोगों का आभारी रहेगा।

# कोन में जल जीवन मिशन की हर घर नल योजना की खुली पोल, आम जन ने किया जलापूर्ति कराने की मांग

(आधुनिक समाचार नेटवर्क) सोनभद्र। विकास खंड कोन अंतर्गत नमामि गंगे के जल जीवन मिशन की योजना हर घर नल योजना इन दिनों धरातल पर धाराशायी होता प्रतीत हो रहा है। बतातें चलें कि कई ग्राम पंचायतों में नल कनेक्शन का कार्य पूरा नहीं सका किन्तु कागजों पर पूर्ण दिखा दिया है जो विचारणीय है। मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामीणों के आधार कार्ड के आधार पर कनेक्शन दिए गए, लेकिन महीनों से नलों से एक बूंद पानी नहीं आ रहा है। उदाहरण स्वरुप कोन, कचनरवा, नरोईयादामर् , मधुरी , बड़ाप , कुड़वा, बागेसोती , सिंगा, डुबवा , पीपरखाड़ रामगढ़ महिउददीनपुर ,चांचीकला मिश्री खेतकटवा खरौंधी और नेरूइयाडामर समेत कई गांवों में योजना से पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिसके क्रम में वरिष्ट समाजसेवी बिहारी प्रसाद यादव व जोखन प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से बताया कि बड़ा दुर्भाग्य है कि कचनरवा के बड़ाप, बागेसोती के सिंगा सहित कई जगहों पर आज तक लोगों को नल कनेक्शन नहीं मिल सका। उन्होंने आगे कहा कि जहाँ कनेक्शन है वहाँ भी महीनों से पानी नहीं मिल रहा है जिससे लोगों में आक्रोश ब्याप्त है। वहीं जिला पंचायत सदस्य छविन्द्र नाथ चेरो ने बताया कि क्षेत्र में अभी तक नल कनेक्शन तक पूरा नहीं हुआ और न ही लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है जिससे लोग आय दिन विकलांगता के शिकार हो रहे हैं और आय दिन लोग काल के मुंह में समा रहे हैं।उन्होंने संबंधित विभाग के उपर लोगों के साथ सौतेला ब्यवहार करने का आरोप लगाया है और उन्होंने हर घर नल योजना को फ्लाप साबित कर दिया है । इसी तरह आगे उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में जगह जगह पानी टंकी का निर्माण हुआ था जो मात्र शो पीस बन कर रह गया और वहीं ग्राम पंचायतों में कई हैंडपंप मरम्मत के अभाव में खराब पड़े हुए है और वहीं हैंडपंप मरम्मत के नाम पर प्रति वर्ष लाखों रुपए का धनराशि आहरण किया जाता है ,वहीं दूसरी तरफ सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार कार्यदायी संस्था द्वारा कागजों पर पूर्ण दिखा दिया गया है जो कि स्वतः ही जाँच का विषय है। सबसे बड़ा सवाल है कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की सबसे महत्त्वपूर्ण योजना स्वच्छ जल मिशन के तहत हर घर नल योजना के परियोजना के अधिकारियों द्वारा जनहित को देखते हुए बड़ी तेजी से कार्य किया गया किन्तु संबंधित कार्यदायी संस्था के उदासिनता के कारण लोगों तक पानी नहीं पहुँच पा रहा है बल्कि उन्हें लॉली पॉप दिया जा रहा है और वह केवल कागजों में सिमट कर रह गया है। नाम न छापने की शर्त पर संबंधित संस्था के कर्मचारियों ने बताया कि लोगों को मई माह से अभी तक बेतन नहीं मिली है जिससे हमलोगों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। जिससे पेयजल आपूर्ति पर असर पड़ रहा है। जिसके क्रम में वरिष्ठ समाज सेवी बिहारी प्रसाद यादव व जोखन प्रसाद यादव सहित प्रदीप, रमेश ,सुदामा ,शिव पूजन ,रविंदर ,नरेश ,रोहन और सहित स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी से शुद्ध पेयजल शुरू कराने की मांग की है। इस बावत् कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर सुदर्शन बिंद को कॉल किया गया किन्तु रीसिव नहीं हुआ। जिसके क्रम में स्वच्छ जल मिशन के सहायक अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि कुछ तकनीकी समस्याओं व विद्युत आपूर्ति बाधित सहित जगह जगह पाईप लाईन डैमेज होने के कारण समस्या उत्पन्न हुई है जिसके क्रम में संबंधित विभाग को अवगत कराया जा चुका है और उन्होंने आश्वासन दिया कि जिनक्षेत्रों में समस्या है उसे हल करा दिया जायेगा।




# आज 11 अगस्त को पूरे देश में वोट चोरी के मामले में होने वाले कार्यक्रम से संबंधित प्रेस नोट का प्रारूप

(आधुनिक समाचार नेटवर्क) प्रस्तुत आंकड़ों के आधार पर चुनाव जाना चाहिए था. इसके विपरीत




सोनभद्र। आजाद अधिकार सेना ने आज (पार्टी के वरिष्ठतम पदाधिकारी का नाम) जिला मुख्यालय पर एकत्र होकर चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोपों के संबंध में तत्काल जांच किए जाने के संबंध में राष्ट्रपति के नाम प्रत्यावेदन सौंपा. प्रत्यावेदन में कहा गया कि राहुल गांधी द्वारा बेंगलुरु के विधानसभा क्षेत्र के संबंध में आयोग पर गंभीर आरोप लगाए गए. इस प्रेस वार्ता से स्पष्ट है कि इसमें तथ्यपरक प्रस्तुतीकरण किया गया.इसके विपरीत इस प्रकरण में अब तक चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया अत्यंत नकारात्मक और आपत्तिजनक रही है. चुनाव आयोग को राहुल गांधी से इस संबंध में साक्ष्य प्राप्त कर उसकी निष्पक्ष जांच कर जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक किया आयोग द्वारा राहुल गांधी से शपथ मांगे जाने के नाम पर मामले को आयोग बनाम राहुल गांधी का स्वरूप दिया जा रहा है, जो आपत्तिजनक है. अतः आजाद अधिकार सेना ने राष्ट्रपति से चुनाव आयोग को तत्काल राहुल गांधी द्वारा प्रस्तुत तथ्यों का संज्ञान लेते हुए इसकी निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच करा कर जांच रिपोर्ट सार्वजनिक किए जाने के निर्देश देने की मांग की है.

# सोनभद्र में कई जगहों पर जलजमाव,रोड पर कीचड़ से राहगीरों को परेशानी,मच्छरों से बढ़ा संक्रामक रोग का खतरा

सोनभद्र। खुटहां गांव में बाइपास तिराहे, तहसील मोड़ और



जीआईसी पुराने गेट के समीप हरिजन बस्ती में जलजमाव की समस्या गंभीर हो गई है। नंदलाल मुनिम के घर की ओर बने इंटरलॉकिंग रोड पर कीचड़ और जलजमाव से राहगीरों को परेशानी हो रही है। इस जलजमाव वाले क्षेत्र में मच्छर तेजी से पनप रहे हैं। इससे संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने इस समस्या के समाधान के लिए पिछले संपूर्ण समाधान दिवस पर प्रार्थना पत्र भी दिया था। लेकिन कर्मचारियों ने मौके पर जांच किए बिना ही फर्जी रिपोर्ट लगाकर मामले का निस्तारण कर दिया। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर अनिल कुमार मौर्य से भी तीन बार शिकायत की है। परंतु विधायक भी इस मामले पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। खुटहा बाइपास के रहवासी मुन्नीलाल केसरी, लवकुश केशरी, विपीन कुमार, राकेश कुमार, शुभम पाल, अध्यापक नन्दलाल शुक्ला व शुभम कुमार ने जिलाधिकारी से मांग की है। उन्होंने कहा कि गांवों में तैनात सफाई कर्मियों से सड़कों पर जमे कीचड़ और गंदगी को साफ कराया जाए। साथ ही जलनिकासी की उचित व्यवस्था कराई जाए। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह समस्या उनके दैनिक जीवन को प्रभावित कर रही है। इससे उनकी स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं भी बढ़ रही हैं। अब ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से इस कीचड़ और जलजमाव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

# सपाइयों ने विरागना फूलन देवी की मनाई जयंती

(आधुनिक समाचार नेटवर्क) सोनभद्र। समाजवादी पार्टी जिला



कार्यालय पर विरागना फूलन देवी की जयंती मनाई गई और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हैं संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने किया और संचालन जिला महासचिव मोहम्मद शईद कुरैशी ने किया ।संगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि आज एक ऐसी विरागना फूलन देवी की जयंती है जो महिलाओं के रक्षा के लिए अपने जीवन को न्योछावर कर दिया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व्यास गौड ने कहा कि आज हम लोग एक महान महिला का जन्मदिन मना रहे हैं जिन्होंने आदिवासियों की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ने का काम किया। आज केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार में आदिवासियों एवं हर वर्ग की महिलाओं का शोषण चरम सीमा पर है । संगोष्ठी में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय यादव प्रदेश सचिव चौधरी यशवंत सिंह पटेल जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी रामप्यारे सिंह पटेल अनिल प्रधान ,अशोक पटेल , नगर अध्यक्ष सरदार पारब्रह्म सिंह सत्यम पांडे बाबूलाल यादव अजीत मौर्य डॉक्टर केडी सिंह पटेल फारूक अली जिलानी वीरेंद्र यादव डॉक्टर रतन सिंह पटेल जगत पटेल बाबू हाशमी बचोले प्रसाद पटेल गुड्डू निषाद के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बहनों ने पेड़ उपहार स्वरूप देकर भाइयों से लिया पेड़ हैं तो प्राण हैं का संकल्प :संदीप मिश्र पेड़ हैं तो प्राण हैं के संकल्प को मिला बहनों का आशिर्वाद व सम्बल

(आधुनिक समाचार नेटवर्क) सोनभद्र। सोनभद्र के विधानसभा अपील हैं कि अधिक से अधिक पेड़ लगाए व उन्हे बचाए आज बहन



401 में जगह जगह बहनों ने आज रक्षाबन्धन के पवित्र व पावन पर्व भाई बहन के प्रेम के असीम भावना पर बहनों ने अपनी रक्षा के साथ साथ अपने भाईयों को उपहार स्वरूप पेड़ देकर उनके सरक्षण हेतु भाईयों से लिया संकल्प पूरे विधानसभा में जगह जगह बहनों ने पेड़ हैं तो प्राण हैं को गति देने में बढ़ चढ़ कर के आगे रही सभी बहनों ने भाइयों से भावनात्मक अपील की कि यहाँ पर फैले प्रदूषण को पेड़ ही खत्म करेंन्गे इसलिए भाइयों से आसू त्रिपाठी निशू मिश्रा रागिनी सोनकर अपर्णा सोनी व विजया भारती सभी ने रक्षासूत्र बाधने के बाद उपहार में पेड़ दिया और कहा कि हम सभी बहने आपके पेड़ हैं तो प्राण हैं के संकल्प के साथ हैं हम लोगों ने पेड़ उपहार में इसलिए दिया हैं कि मेरे भाई का कदम न रुकने पाये न हौसला टूटने पाये हमने सभी बहनो के प्रति आदर अभिवादन व्यक्त कर उन्हें विश्वास दिलाया कि पूरे अपने क्षेत्र व घर परिवार कावातावरण शुद्ध करके ही चैन की सांस लूंगा।

# गाय चराने गए युवक का 3 दिन बाद तालाब में उतराया मिला शव,सदर कोतवाली क्षेत्र के बहुअरा गांव का मामला

(आधुनिक समाचार नेटवर्क) तरफ गया हुआ था परिजनों द्वारा



सोनभद्र। सदर कोतवाली क्षेत्र के बहुअरा कंडाकोट गांव का में शनिवार की सुबह तालाब में उतराया मिला 3 दिन से लापता 18 वर्षी युवक का मिला शव क्षेत्र में सनसनी। जानकारी के अनुसार भागीरथी 18 वर्षी पुत्र सीताराम जो पिछले तीन दिन पूर्व घर से सुबह गाय चराने के लिए कंडाकोट की पहाड़ी की पुलिस को सूचित कर खोजबीन की जा रही थी वहीं जिला अस्पताल चौकी इंचार्ज संजय सिंह ने बताया कि सुबह कुछ ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचकर डेड बॉडी को निकलवाते हुए सैनिक की गई तो पता चला कि बहुअरा गांव निवासी 18 वर्षीय युवक भागीरथी के रूप में हुई वहीं परिजनों को सूचित कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# मारवाड़ी युवा मंच सोन महिला शाखा द्वारा पुलिस भाईयों को रखी बंधी गई

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)



सोनभद्र। मारवाड़ी युवा मंच सोन महिला शाखा द्वारा मंच की बहनों ने मिल कर शीतला मन्दिर चौराहा पर सभी पुलिस भाइयों को राखी बांधी गईं।पुलिस कर्मियों ने अपने परिवार से दूर रहकर हमें सुरक्षित रखा। शाखा की अध्यक्ष रितु जालान जी ने बताया कि पुलिस कर्मियों नेअपने परिवार से दूर रहकर हमें सुरक्षित रखा यही सच्चा रक्षक धर्म है। इसलिए हमारे पुलिस भाई इनके हाथ की कलाई सुनी नहीं रहनी चाहिए। रक्षाबंधन के इस पावन पर्व पर हम त्याग, समर्पण और सेवा को नमन करते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष रितु जालान सचिव रंजना अग्रवाल कोषाध्यक्ष दीप्ति केडिया निवर्तमान अध्यक्ष प्रतिभा कनोडिया भूतपूर्व अध्यक्ष अंकिता केजरीवाल, अनीता थर्ड एवं सीमा अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# जन अधिकार पार्टी की मासिक बैठक हुई सम्पन्न

(आधुनिक समाचार नेटवर्क) सोनभद्र। जन अधिकार पार्टी जनपद की मासिक बैठक रविवार को सिचाई डाक बंगला रावट्र्सगंज




में जिलाध्यक्ष आदित्य मौर्य की अध्यक्षता मेंसम्पन्न हुई। समीक्षक के रूप में आये मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव अजीत प्रताप कुशवाहा (एड0 हाईकोर्ट इलाहाबाद) / मण्डल प्रभारी मीरजापुर कुशवाहा ने जिला कमेटी सोनभद्र एवं विधान सभा इकाई घोरावल, रावट्र्सगंज, ओबरा एवं दुद्धी के संगठन की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश देते हुए पंचायत चुनाव की तैयारी में मजबूती से लग जाने को कहा आगे कहा कि पार्टी के सभी पदाधिकारी चलो गांव की ओर अभियान के तहत पार्टी के विचारधारा को मजबूती से लोगों तक पहुंचाने का काम करे और आने वाले 5 सितंबर 2025 को भारत लेनिन अमर शहीद बाबू जगदेव का शहादत दिवस लखनऊ में बड़े ही भव्य तरीके से मनाया जाएगा जिसमें जनपद सोनभद्र से भारी से भारी संख्या में पहुंचने का काम करे।विशिष्ठ अतिथि मीरजापुर मण्डल अध्यक्ष रामचन्द्र त्यागी व प्रदेश महासचिव महिला प्रकोष्ठ रानी सिंह ने कहा कि जिस संबिधान की बदौलत बहुजन समाज सुरक्षित है एवं अपने हक अधिकारों को प्राप्त करता है उस सम्बिधान को आजकी सरकार समाप्त कर ऊच नीच विचार धारा वाला संविधान लागू कर बहुजन समाज को लाचार गुलाम बनाना चाहती जिसे जन अधिकार पार्टी किसी भी दशा में बरदास्त नही करेगी ।प्रदेश प्रमुख महासचिव भागीरथी सिंह मौर्य व वाराणसी मंडल प्रभारी सुमंत सिंह मौर्य ने कहा कि जन अधिकार पार्टी आंदोलन का नाम है जो सत्ता के साथ ब्यवस्था परिवर्तन करना चाहती है जिससे बहुजनो के साथ हो रहे अन्याय अत्याचार बंद हो सके और यह तभी सम्भव है देश मे संविधान का राज अस्थापित होगा।मण्डल सचिव श्रीपति विश्वकर्मा एवं महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कुसुम मौर्य ने कहा कि जन अधिकार पार्टी चाहती है कि देश मे जाती जनगणना कराकर जीवन के प्रत्येक क्षेत्रो में संख्या के अनुपात में लोगो की हिस्सेदारी सुनिश्चित किया जाए जिससे हर जाति समाज के लोगो को उनका हिस्सा प्राप्त हो सके । संचालन जिलामहासचिव रविरंजन शाक्य ने किया।बैठक में चंद्रिका मौर्य,लक्ष्मण प्रसाद,बलीराम मौर्य,जय प्रकाश,अवनीश कुशवाहा, घोरावल विधानसभा अध्यक्ष विनोद कुमार मौर्य, रावट्र्सगंज विधानसभा अध्यक्ष मनोज मौर्य , चन्द्रशेखर आजाद, राकेश कुमार मौर्य, शिवनारायण मौर्य, अनुरुद्ध सिंह, सहित अनेको पदाधिकारी/कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सनातन संस्कृति संस्कारों के पवित्रता की रक्षा का पर्व है रक्षाबंधनः बीके सुमन, मानसिक विकार का त्याग करने का सभी को दिलाया गया संकल्प

(आधुनिक समाचार नेटवर्क) सोनभद्र। रक्षाबंधन महान सनातन संस्कृति की परम्परा का अखिल



विश्व में केवल भारत में ही मनाए जाने वाला अनोखा पर्व है, जिसमें लिंग,जाति, रंग भेद से उपर उठकर एकता के सूत्र में बंधने का संदेश है। वर्तमान समय में बहनें ही भाइयों की कलाइयों में रक्षा सूत्र बांधती हैं। परंतु आज से लगभग साठ दशक पहले ब्राह्मण ही रक्षासूत्र बांधते थे। परंपरायें स्वभाविक रूप से परिवर्तनशील होती हैं, लेकिन इनके पीछे छिपा हुआ संदेश शाश्वत होता है। यदि त्यौहार और पर्व के मानने की मूल भावनाएं बदल जाए तो ये आडम्बर और प्रदर्शन का विषय बन जाते हैं। रक्षाबंधन के आस्था की मजबूत डोर ही सर्व बहनों की रक्षा सुनिश्चित करती है। वहीं सदर ब्लाक अंतर्गत ग्राम सभा लसड़ा में अपने छोटे भाई रुद्र कांत मिश्रा व अक्षत मिश्रा को राखी बांधती बड़ी बहन जाह्नवी व तानवी मिश्रा दिया आशीर्वाद वही इसी तरह रॉबट्र्सगंज स्थित ब्रह्माकुमारी के सेवाकेंद्र पर रक्षाबंधन के पावन पर्व पर रक्षाबंधन के आध्यात्मिक रहस्य प्रकाश डालते हुए सेवाकेंद्र संचालिका बी.के. सुमन दीदी नें उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्षाबंधन सनातन संस्कृति और संस्कारों के पवित्रता की रक्षा का पर्व है। उन्होंने सभी लोगों को राखी बांधकर किसी एक मानसिक विकार का त्याग करने तथा एक सकारात्मक गुण को जीवन में धारण करने के लिए प्रतिज्ञा कराया। सेवाकेंद्र पर जनपद के विभिन्न भागों से आए लगभग 200 भाई बहनों को राखी के स्नेह सूत्र में बाँधी। इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार शिक्षक एवं लेखक डॉ. ओमप्रकाश त्रिपाठी, डॉ. अनुपमा सिंह, डॉ. संजय सिंह, विंध्य कन्या डिग्री कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉक्टर अंजली विक्रम सिंह, ए पी गिरी, पत्रकार राजेश पाठक, पत्रकार विवेक श्रीवास्तव, पत्रकार राम प्रसाद यादव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ बी.के. हरीन्द्र भाई,बी.के. सीता बहन,बी.के. सरोज बहन,बी.के कविता, बी.के. दीपशिखा बहन ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया।



# प्रसाद मौर्य के ऊपर हमला किया गया है अपनी जनता पार्टी यूनिट सोनभद्र इसकी घोर निंदा करती है

(आधुनिक समाचार नेटवर्क) सोनभद्र। अपनी जनता पार्टी 08/08/2025 को अपनी जनता पार्टी के नेतृत्व में गठित लोक मोर्चा की माननीय स्वामी प्रसाद मौर्य के ऊपर जो करणी सेना के रोहित द्विवेदी और शिवम यादव द्वारा जो जानलेवा हमला किया गया है अपनी जनता पूरे बहुजन समाज पर हमला है ऐसे अराजक तत्वों पर मैं शासन प्रशासन से मांग करता हूं कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए. बैठक में ओबरा विधानसभा




एक आवश्यक बैठक राबट्र्सगंज के जिला कार्यालय पर संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता लोक मोर्चा के घटक दल राष्ट्रीय समानता दल के जिला अध्यक्ष गुरु गोपाल सिंह कुशवाहा ने किया और संचालन अपनी जनता पार्टी के जिला महासचिव आलोक कुमार ने किया बैठक को संबोधित करते हुए अपनी जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि 6 अगस्त को रायबरेली में अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रसाद मौर्य पर ही हमला नहीं है यह पार्टी यूनिट सोनभद्र इसकी घोर निंदा करती है और उत्तर प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार से माद स्वामी प्रसाद मौर्य को जेड श्रेणी की सुरक्षा की मांग करती है और साथ ही साथ अराजक संस्था करणी सेना पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग करती है राष्ट्रीय समानता दल के जिला अध्यक्ष गुरु गोपाल कुशवाहा ने कहा कि माननीय स्वामी प्रसाद मौर्य पर करणी सेवा द्वारा किया गया हमला माननीय स्वामी अध्यक्ष रविंद्र यादव युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष शशिकांत मौर्य जिला महासचिव आलोक मौर्य जिला संगठन सचिव तारकेश्वर कुशवाहा संत कुमार विश्वकर्मा विधानसभा अध्यक्ष घोरावल एडवोकेट राजेंद्र प्रसाद मौर्य जिला उपाध्यक्ष शिवकुमार मौर्य अनिल वर्मा जिला सलाहकार श्री राम मौर्य विधानसभा राबट्र्सगंज अध्यक्ष नंद गोपाल कुशवाहा ,गणेश कुशवाहा राजेंद्र प्रसाद चेरो, दुद्धी विधानसभा अध्यक्ष मनोज चेरो, के साथ-साथ तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कोडिंग' की दाल में 'केयरिंग' का तड़का नौकरी की सही रेसिपी है



वह पोस्ट ग्रेजुएट है। उसने कई इंटर्नशिप भी की। फिर एक राजनेता के ऑफिस में काम किया, जहां वो उनके मतदाताओं से मिलती। वो स्मार्ट है। संचार में और वहां आने वाले लोगों को संभालने में कुशल है। चूंकि वो आम महिला-पुरुषों को अधिकारीगण आदि से मिलाने में मदद करती थीं, जिनके निर्णयों से जनता को लाभ होता है। ऐसे में उसने किसी व्यक्ति की समस्या को समाधान प्रदाता से मिलाने की कुशलता विकसित कर ली। लेकिन उसकी एक ही समस्या थी। राजनेताओं के कामकाज का कोई समय नहीं होता। रोजाना लंबे समय तक काम करने से उसके बच्चे पर असर पड़ रहा था। इसीलिए उसने नौकरी बदलने का निर्णय किया। पिछली जनवरी में उसने एक बड़े अस्पताल में काम करने वाले मेरे एक परिचित से संपर्क किया, ताकि वह वहां नौकरी के लिए उनकी सिफारिश कर सके। और उसे नौकरी मिल गई।जाहिर तौर पर वह इसलिए चुनी गई, क्योंकि उसमें शिकायत करने वाले मरीजों को संभालने की क्षमता थी और जॉइन करने के पहले दिन से ही वह उन्हें शांत रखने लग गईं। 6 महीने का प्रोबेशन पूरे करने से पहले, महज एक महीने में ही उसने स्थायी नौकरी की मांग कर दी। और उसे वह भी मिल गई। उसका ख्याल मुझे तब आया जब मैं इस हफ्ते जारी पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे के डेटा पढ़ रहा था।इसमें बताया गया कि 15 से 29 साल के शहरी युवाओं में बेरोजगारी दर एक महीने में एक प्रतिशत बढ़ गई है। जून में ये 18.8फीसदी हो गई। कहीं ना कहीं यह दो बातों की ओर संकेत करती है। 1. अकेली शिक्षा अब रोजगार-स्थायित्व की गारंटी नहीं। 2. नियोक्ता चाहते हैं कि आप जॉइन करने के पहले दिन से ही रिजल्ट देने लगें। मुंबई में कुशल व शिक्षित युवाओं की एक पीढ़ी अभी भी बेरोजगार है।जी हां, ये वही शहर है, जहां गर्व से कहते थे कि 'मुंबई में कोई भूखा नहीं सोता।' लेकिन आज यह बात सच नहीं है। मुम्बई ऐसा अकेला शहर नहीं है। अमेरिका से लेकर यूके तक दुनियाभर में कॉलेज ग्रेजुएट्स और पोस्ट ग्रेजुएट युवाओं के बीच बेरोजगारी दर में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है।अमेरिका के भी ऐसे मासिक बेरोजगारी डेटा की पड़ताल करें तो पता चलता है कि अमेरिकी पुरुषों में भी बेरोजगारी तेजी से बढ़ी है। यह पांच प्रतिशत से कम थी, जो अब 7फीसदी से अधिक हो गई है। जबकि महिलाओं में बेरोजगारी घटी है। इस दावे का समर्थन करने वाले एक डेटा से पता चलता है कि पिछले एक वर्ष में युवा महिला ग्रेजुएट्स द्वारा भरी गई 1.35 लाख नौकरियों में से 50 हजार नौकरियां अमेरिका के हेल्थ केयर सेक्टर में थीं।स्पष्ट रूप से इसका कारण उम्रदराज आबादी की बढ़ती मांग के साथ ऑटोमेशन, घरों में एआई संचालित उपकरणों का प्रवेश और रोजमर्रा की चिकित्सा जरूरतें हैं। ये सब बताता है कि एआई मौजूदा व्यवस्था में महत्वपूर्ण परिवर्तनकारी कारक है।इसका जवाब सही भी है और गलत भी। सही इसलिए, क्योंकि यह उतनी नौकरियां पैदा नहीं कर रहा, जितनी पुरानी नौकरियां खत्म कर रहा है। गलत इसलिए, क्योंकि एंट्री लेवल सॉफ्टवेयर डेवलपर्स के पदों पर भर्तियों में फिर उछाल देखा जा रहा है। इसलिए तकरीबन 30 वर्ष की उम्र के लोग, जो कम से कम 60 हजार रु. प्रतिमाह वाली नौकरी खोज रहे हैं, उन्हें उस स्थान की जनसांख्यिकी भी पढ़नी चाहिए, जहां नौकरी ढूंढ रहे हैं। और उन्हें कोडिंग से 'केयरिंग' की ओर रुख करना चाहिए। मुंबईकरों में नया नारा है, 'कोडिंग सीखने के साथ-साथ केयरिंग भी सीखो।'ऐसा इसलिए क्योंकि एक शहर के तौर पर मुंबई भी बूढ़ा हो रहा है। और उस आबादी को देखभाल चाहिए। यही कारण है कि शुरुआत में जिस लड़की का जिक्र मैंने किया, उसे हेल्थ सेक्टर में जल्दी नौकरी मिल गई। और वह पहले दिन से ही अपने नियोक्ता के लिए समस्याओं का समाधान करने वाली बन गई।फंडा यह है कि जैसे पैसा कंपनी के प्रदर्शन के पीछे भागता है, मेरा मतलब निवेशक निवेश से पहले कंपनी की परफॉर्मेंस देखते हैं, वैसे ही आपका प्रदर्शन करियर को आगे बढ़ाता है। हेल्थकेयर जैसा क्षेत्र चुनें, जो अभी फल-फूल रहा है। और यदि कोडिंग में 'केयरिंग' का तड़का लगा सकते हैं तो फिर देखिए कैसे आपकी 'रेसिपी' जायकेदार बन जाएगी। मेरा मतलब है आपकी सैलरी! (एन. रघुरामन )

## दूध के पैकेट जैसी छोटी-सी चीज पर भी गौर करने का समय आ गया है



पिछले करीब एक माह से सुबह की कॉफी बनाना मेरी जिम्मेदारी थी, क्योंकि मोतियाबिंद की सर्जरी के बाद पत्नी का किचन स्टोव के पास आना मना था। लेकिन बीते इस समय में वह कभी भी यह पूछना नहीं भूलीं कि 'क्या आपने दूध की थैलियों को उनकी तय जगह पर रख दिया है?' यह प्लास्टिक को इकट्ठा करने का अलग बैग है, जो एसी यूनिट के पीछे रखा रहता है।रिसाइकल कचरा इकट्ठा करने वाले को यह हम देते हैं, जो कि कॉलोनी में महीने में एक बार आता है। मैं 'हां' कहता हूं और उन्हें कॉफी का कप देता हूं। एक महीने में मैंने देखा कि धीरे-धीरे इस प्लास्टिक की थैली की ऊंचाई बढ़ने लगी और अंततः ये एसी यूनिट के पार निकल गई। और तब मुझे एहसास हुआ कि किसी एक घर से कितना अधिक प्लास्टिक निकल सकता है। इसमें सर्वाधिक दूध की थैलियां थीं। इसी ने मुझे दूध की थै?लियों को लेकर कुछ तथ्य खोजने के लिए बाध्य किया। दूध की जिन ?थैलियों को हम इस्तेमाल के बाद फेंक देते हैं, वे प्लास्टिक की होती हैं और मिट्टी में नष्ट होने में बहुत वक्त लेती हैं। ये समय 20 से 500 वर्षों तक हो सकता है। प्लास्टिक ऐसा पदार्थ है, जिसका प्राकृतिक तरीके से क्षरण नहीं होता। ना ही ये जैविक पदार्थों की भांति अपघटित होता है। बल्कि यह सूर्य के प्रकाश के संपर्क में आने पर माइक्रोप्लास्टिक में बंट जाता है। पर पूरी तरह गायब नहीं होता। अगर न्यूनतम आंकड़ों का अनुमान लगाएं, तो भी भारत में प्रति दिन ऐसी 20 करोड़ दूध के पैकेट की खपत होती है। 1946 में शुरू हुआ अमूल बड़े दुग्ध उत्पादक के नाते बड़ी संख्या में दूध की थैलियों का उपयोग करता है। सटीक आंकड़े भिन्न हैं, पर रिपोर्ट बताती हैं कि अमूल प्रतिदिन प्लास्टिक से बनी 2.6 करोड़ दूध की थैलियां बेचता है। मतलब, साल भर में करीब 949 करोड़ थैलियां। इसके अलावा कंपनी दही, छाछ जैसे अन्य दुग्ध उत्पाद भी प्लास्टिक की थैलियों में बेचती है, जिससे रोजाना काफी प्लास्टिक कचरा पैदा होता है। वर्ष 2020 में पंजाब विधानसभा में बताया गया कि पंजाब राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ द्वारा 1973 में शुरू किए गए 'मिल्कफैड' ने 2018-19 में दूध और अन्य डेयरी उत्पादों की पैकेजिंग में 80 करोड़ प्लास्टिक थैलियां काम में लीं। आज हम 2025 में हैं और अभी दूध की खपत करने वाले युवाओं के लिहाज से बड़ी आबादी वाले उत्तरप्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, राजस्थान, ओडिशा और झारखंड जैसे राज्यों के संघों की बात तो की ही नहीं है। मुझे सोमवार को यह सब याद आया, जब मैंने जाना कि कैसे बेंगलुरु में नंदिनी मिल्क सप्लाई करने वाला कर्नाटक मिल्क फेडरेशन (केएमएफ) अपने लोकप्रिय ब्रांड के लिए इको-फ्रेंडली पैकेजिंग शुरू करने जा रहा है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत, वे रोजाना प्राकृतिक रूप से अपघटित हो सकने वाली 2 लाख ?थैलियों के उपयोग से बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग की ओर बढ़ रहे हैं। वे रोज लगभग 50 लाख लीटर दूध, 16 लाख लीटर दही बेच रहे हैं। नष्ट होने में कई सौ वर्ष लेने वाली पारंपरिक पॉलिथीन थैलियों के विपरीत ये इको फ्रेंडली विकल्प 90 दिन के भीतर प्राकृतिक रूप से विघटित हो जाते हैं।यहां तक कि इनको रासायनिक उर्वरक में भी बदला जा सकता है। केएमएफ की एक अन्य शाखा बेंगलोर मिल्क यूनियन लिमिटेड (बामूल) द्वारा हाल ही लॉन्च पायलट प्रोग्राम की सफलता के बाद अब ये नई पहल इसी वीकेंड शुरू होगी। ये परीक्षण उनके एक डेयरी फार्म में शुरू किया गया। वर्तमान में इसे चुनिंदा क्षेत्र में लागू किया जा रहा है, जिसमें इसे सकारात्मक प्रतिक्रिया, रिसाव की शिकायत नहीं होने और दूध की गुणवत्ता से समझौता नहीं होने के पैमानों पर परखा जा चुका है। चूंकि ग्राहक संतुष्टि बेहतर थी, इसलिए वे नए इलाकों को कवर कर रहे हैं। जाहिर है कि जल्द ही राज्यभर में इसे शुरू किया जा सकता है। फंडा यह है कि समय आ गया है, प्लास्टिक की थैलियों में दूध ले रहे हम भारतीयों को उस मिट्टी और समुद्र को बचाने के लिए कोई री-साइकिलिंग योजना अपनानी पड़ेगी, जो हम हमारी पीढ़ियों के लिए छोड़कर जा रहे हैं। अपनी पसंद का कोई भी तरीका अपनाएं, जब तक कि हमारे शहर बायोडिग्रेडेबल थैलियों पर ना आ जाएं, पर कृपया इन्हें कचरे में ना फेंकें। (एन. रघुरामन)

## संभावनाएं टटोली जा रही हैं एक युवा नेतृत्व के लिए

एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने एक बार अफसोस भरे स्वर में कहा था कि हम कांग्रेस वाले अपनी गुटबाजी सार्वजनिक रूप से जाहिर कर देते हैं, जबकि भाजपा ऐसा बंद दरवाजे के पीछे करती है। केरल में शशि थरूर के बगावती सुर हों या कर्नाटक में सिद्धारमैया बनाम डीके शिवकुमार का अनवरत पॉवर-ड्रामा- सार्वजनिक आरोप-प्रत्यारोपों के जरिए खुद पर ही निशाना साध बैठने की कांग्रेस की प्रवृत्ति के ये नवीनतम उदाहरण हैं। इसके विपरीत, भाजपा के भीतर जो सत्ता-संघर्ष हैं, उन पर शायद ही कभी ध्यान जाता है, क्योंकि यह सब गोपनीयता के आवरण में होता है। यही कारण है कि संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत की हालिया टिप्पणी ने सबको चौंकाया। उन्होंने सार्वजनिक जीवन में काम करने वालों को 75 की उम्र में 'सेवानिवृत्त' होने की सलाह दी थी। तब विपक्ष ने भी संघ प्रमुख की इस टिप्पणी को तुरंत भुनाने की कोशिश की और दावा किया कि भगवा-बिरादरी के मुखिया भाजपा में एक 'उत्तराधिकार योजना' को तुरंत लागू करना चाहते हैं। 'मोदी के बाद कौन?'- यह टीवी स्टूडियो के लिए भले ही चर्चा का आकर्षक विषय हो, लेकिन हकीकत यही है कि मोदी कहीं नहीं जा रहे हैं। वे पीछे हटने वालों में से नहीं हैं, रिटायरमेंट की तो बात ही रहने दीजिए। संघ प्रमुख आमतौर पर शब्दों को तौलकर बोलते हैं। संघ का एक वर्ग भाजपा में पीढ़ीगत बदलाव का इच्छुक है, यह बात सत्ता के गलियारों में कुछ समय से चल रही है। यह भी याद रखें कि संघ व्यक्तिवादी राजनीति के प्रति असहज रहता है। गत सितंबर में भी भागवत ने कहा था कि कर्म से हर कोई व्यक्ति पूजनीय बन सकता है, लेकिन हम स्वयं उस स्तर तक पहुंचे हैं या नहीं, यह हम नहीं दूसरे ही तय करेंगे। और इस सबके बावजूद, संघ जानता है कि देश में अपना राजनीतिक और वैचारिक आधिपत्य बनाए रखने के लिए फिलहाल तो मोदी ही उसके लिए सबसे बेहतर विकल्प हैं। जैसा कि सीएसडीएस 2024 के चुनाव-उपरांत सर्वेक्षण से पता चलता है, मोदी की लोकप्रियता अभी भी भाजपा से काफी ऊपर है। भाजपा के हर चार में से एक मतदाता ने कहा था कि उन्होंने केवल प्रधानमंत्री के नेतृत्व के कारण ही पार्टी को वोट दिया था। 'मोदी फैक्टर' को हटा दें तो भाजपा राजनीतिक रूप से कमजोर दिखने लगती है। आज मोदी ही ब्रांड-हिंदुत्व के राजनीतिक शुभंकर और स्टार हैं। अयोध्या में राम मंदिर से लेकर जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के उन्मूलन और अब भाजपा-शासित राज्यों में समान नागरिक संहिता लागू करने के प्रयासों तक, मोदी सरकार ने संघ के तमाम मूल एजेंडों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित किया है। (ये लेखक के अपने विचार हैं- राजदीप सरदेसाई)

## सुंदरता हर तरफ है, इसलिए क्यों ना आज अपना 'बिन' निकालकर चलें



'अरे, यह तो ग्रे हेरॉन है, इसे जख्मी देखकर बहुत बुरा लग रहा है,' इस शुक्रवार को मैं अखबार हाथ में लिए चिल्लाया। पत्नी दौड़ती हुई आईं और पूछा, 'क्या हुआ?' मैंने उन्हें शुक्रवार के चार अखबार दिखाए, जिनमें अलग-अलग ऐसे पक्षियों की तस्वीरें थीं, जो या तो मारे गए थे या घायल हो गए थे। इसके साथ ही गुरुवार को मुंबई के समीप ठाणे में एक हाउसिंग सोसाइटी द्वारा पेड़ों की बेतहाशा छंटाई की खबर थी। 'क्या आपको यकीन है कि ये ग्रे हेरॉन है, इग्रेट नहीं?' उन्होंने पूछा तो मैं अपनी पुरानी डायरी ले आया और उन्हें समझाया कि कैसे हेरॉन लंबी टांगों और चौड़े पंखों वाले जलचर पक्षी होते हैं। हालांकि हेरॉन, इग्रेट और बिटर्न जैसे पक्षी एक ही आर्डीडे परिवार के सदस्य हैं, लेकिन इग्रेट आमतौर पर पूरी तरह से सफेद होते हैं, जबकि हेरॉन कई रंगों के हो सकते हैं। वहीं बिटर्न की खासियत उनके घने, हल्के पीले-भूरे रंग के पंख हैं, जिन पर गहरी धारियां होती हैं। अगर मैं पक्षियों के बारे में मुझे कुछ जानकारी देने का श्रेय किसी को देना चाहूं, तो वे हॉलीवुड अभिनेता ओवेन विल्सन, स्टीव मार्टिन और जैक ब्लैक होंगे, जो मेरे मुताबिक हास्य दृश्यों में सर्वश्रेष्ठ हैं। यही कारण था कि जब वे तीनों एक साथ एक फिल्म में आए- 2011 में प्रदर्शित 'द बिग ईयर'- तो मैं उसे देखने का अवसर नहीं छोड़ पाया। फिल्म तीन पक्षी प्रेमियों की कहानी सुनाती है, और उनमें से हर कोई वही कर रहा होता है, जिसे 'द बिग ईयर' कहा गया है। वे ठान लेते हैं कि इस साल अमेरिका में किसी भी अन्य व्यक्तियों से ज्यादा पक्षी देखेंगे। और उन तीन पक्षी प्रेमियों के साथ हम दर्शक भी फिल्म में सैकड़ों पक्षी देखते हैं, और हर एक की गिनती करते हैं। लेकिन फिल्म का मर्म एक अच्छे जीवन के अर्थ के बारे में है, इस बारे में कि किसी व्यक्ति के लिए सिर्फ बड़े होने, पैसे कमाने, परिवार बनाने वगैरह से बढ़कर एक अधिक मनुष्य बनने के लिए क्या जरूरी है। फिल्म के तीनों ही नायक अपने-अपने जीवन का अर्थ समझते हैं। वे अलग-अलग चुनाव करते हैं कि क्या मायने रखता है और क्या नहीं; कौन मायने रखता है और कौन नहीं; और जीवन का वास्तविक अर्थ क्या है और क्या नहीं। फिल्म देखने के बाद के वर्षों में मैंने पक्षियों के बारे में बहुत सीखा। मुझे पता नहीं था? पक्षियों के बारे में इतना कुछ जानने को है। पहली चीज जो मैंने सीखी, वह थी बर्ड-वॉचिंग के लिए जरूरी उपकरण। फिल्म देखते हुए किसी ने कहा 'हमें अपना 'बिन' खोजना होगा।' फिल्म समाप्त होने के बाद मैंने उनसे कहा, 'माफ कीजिए, पर मैंने आपको 'बिन' कहते सुना।

पक्षियों को देखने के लिए आपको 'बिन' की क्या जरूरत है?' मुझे लगा था बिन का मतलब डस्टबिन होगा। वे जोर से हंसे और कहा कि यह बाइनोकुलर (दूरबीन) का छोटा नाम है! इसके बाद मैंने सबसे पहला जो काम किया, वो ये था कि अपना 'बिन' निकाला, जो मुझे क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इस अखबार के लिए क्रिकेट को कवर करते समय उपहार में दिया था। बर्डिंग से हम प्रकृति में मौजूद विविधता के प्रति सजग हो पाते हैं। ज्यादातर पक्षी मूलतः एक जैसे ही हैं, खोखली हड्डियों, पंखों और पंजों से निर्मित। फिर भी प्रवास-मार्गों, भोजन के तरीकों और पंखों के संयोजन से उन्होंने जीवित रहने के अनगिनत तरीके खोज निकाले हैं। अलग-अलग तरह के घोंसले बनाने की उनकी क्षमता उनकी विशिष्ट रचनात्मकता को दर्शाती है, ठीक वैसे ही जैसे वास्तुकला का एक ही पाठ्यक्रम पढ़ने के बावजूद मनुष्य भवन-निर्माण में अलग-अलग प्रकार की सृजनात्मकता प्रदर्शित करते हैं। हालांकि मैं फिल्म के मुख्य पात्रों की तरह हर साल देखे जाने वाले पक्षियों की संख्या नहीं नोट करता, लेकिन पक्षियों के प्रति प्रेम मुझे अकसर घर से बाहर जाने को प्रेरित करता है, जिससे मुझे कम से कम बारिश के मौसम में हलका-फुलका व्यायाम करने का अवसर मिल जाता है। फंडा यह है कि हमारे चारों ओर चाहे जितनी लापरवाही क्यों न हो, दुनिया फिर भी बहुत सुंदर है। यह हमें चुनना है कि हमारे लिए क्या मायने रखता है और हमें किन लोगों से मिलना है। चूंकि आज वर्षा ऋतु का रविवार है, तो आप भी चयन करें और अपने 'बिन' के साथ घर से बाहर निकल पड़ें! एन. रघुरामन

## एआई में यह एक गुण कभी नहीं आ सकेगा!

इस बार रक्षाबंधन पर 15 साल की अनामता ने 14 साल के शिवम को राखी बांधी। हमारे जैसे पाठकों



के लिए इसमें कुछ भी नया नहीं है क्योंकि रक्षाबंधन पर राखी बांधी ही जाती है। लेकिन उस समय सिर्फ शिवम ही नहीं, लगभग सभी की आंखें नम हो गई थीं और शिवम के आंसू तो उसके हाथों पर गिरने लगे थे।उसने धीरे से उन्हें पोंछा, लेकिन जितना वह पोंछता, उसके आंसू उतने ही बहते जाते। वो आंसू तमाम आंसुओं की तरह थे- नम और कोमल। वो हाथ भी वही था, जिसे उसने पहले भी कई बार चूमा और सहलाया था, जब तक कि पिछले साल उसकी बहन की ब्रेन हैमरेज से मृत्यु नहीं हो गई। परिवार का कोई भी सदस्य शिवम की आंखें पोंछने या उसके सिर या कंधे पर हाथ रखकर उसे शांत करने को आगे नहीं बढ़ पाया, क्योंकि कोई भी अपने आंसुओं को रोक नहीं पा रहा था। वो जानते थे कि रिया अब वापस लौटकर नहीं आ सकती। लेकिन अनामता के शरीर में वह रिया का ही हाथ था, जो शिवम को इस साल राखी बांध रहा था। तीन साल पहले, उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में एक रिश्तेदार के घर की छत पर लटके हाई-टेंशन तार की चपेट में आने से अनामता का दाहिना हाथ काटना पड़ा था। उधर वलसाड के मिस्त्री परिवार ने जब अपनी बेटी रिया के अंगदान का फैसला किया और उसका हाथ अनामता को मिला।अनामता कंधे के स्तर पर हाथ का प्रत्यारोपण पाने वाली दुनिया की सबसे कम उम्र की लड़की बनी थी। पिछले सितंबर में रिया को ब्रेन-डेड घोषित किए जाने के बाद अनामता को प्रत्यारोपण के लिए एक जटिल सर्जरी से गुजरना पड़ा था। मिस्त्री परिवार इतने महीनों से जिस दर्द को महसूस कर रहा था, वह तब उस लड़की के लिए गहरे स्नेह में बदल गया, जब वो उनके बेटे की कलाई पर राखी बांधने के लिए गुजरात तक आई थी। उन्हें लगा जैसे रिया किसी और शरीर में वापस लौट आई हो!मुझे बताइए कौन-सा एआई आपमें ये भावनाएं जगा सकता है? वो तो वह भी नहीं कर सकता, जो 9 वर्षीय प्रणव दास ने चेन्नई में अपने भाई माधव दास के लिए किया था!



जब माधव गिर पड़ा और उसके सिर पर टांके लगाने पड़े तो उसका सिर मुंडवाया गया था। प्रणव ने भी अपने बाल कटवा लिए, ताकि माधव खुद को अलग-थलग महसूस न करे। कितने एआई ऐसा कर सकते हैं?आज ये दोनों बच्चे लंबे बालों के साथ स्कूल आते हैं। उनके बाल करीने से बंधे होते हैं! क्योंकि दोनों भाइयों को यह अहसास हो गया है कि जिन युवा कैंसर रोगियों को इलाज के लिए सिर मुंडवाना पड़ता है, वो क्या महसूस करते हैं। उन्होंने ऐसा करने के लिए अपने प्रिंसिपल से लिखित अनुमति ली है और वे ?ऐसे बच्चों के लिए मुफ्त विग बनाने के लिए अपने बाल दान करते हैं। उनके इस प्रयास का स्कूल में खासा प्रभाव पड़ा। दूसरे बच्चे भी इसके लिए अपने बाल बढ़ाने लगे और चेरियन फाउंडेशन को मदद करने लगे, जो कि वंचित समुदायों को स्वास्थ्य-सेवाएं प्रदान करने को समर्पित एक एनजीओ है। हाल ही में इसने भारत भर में आर्थिक रूप से कमजोर कैंसर पीड़ितों को दान दिए गए विगों की संख्या के 2,000 के पार होने पर जश्न मनाया था। इसे वे 'अपने बालों को गिफ्ट देकर आत्मविश्वास का उपहार देना' कहते हैं।यह लेख सेल्वा बृंदा का उल्लेख किए बिना पूरा नहीं हो सकता। वे एक ऐसी मां हैं, जिनका प्यार असीम है। तमिलनाडु के त्रिची जिले के कत्तूर की इस गृहणी ने 22 महीनों (अप्रैल 2023 से फरवरी 2025 तक) की अवधि में 300.17 लीटर से ज्यादा ब्रेस्ट-मिल्क का दान दिया, जिससे समय से पहले जन्मे और बीमार अनगिनत नवजात शिशुओं की जान बची और एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बना। उन्होंने कहा, एक छोटा-सा योगदान भी उस बच्चे को पोषण दे सकता है, जिसे इसकी सख्त जरूरत हो। यह विचार अपने आपमें लोगों को सक्रिय होने के लिए प्रेरित कर सकता है। उनकी कहानी हमें एक बार फिर यह याद दिलाती है कि करुणा कैसे कोमल जीवन को बदल सकती है। फंडा यह है कि एआई किसी फैक्टरी या दफ्तर में तो सब कुछ कर सकता है, लेकिन यकीन मानिए, वो वह सब कभी नहीं कर सकता, जो मानवीय करुणा कर सकती है। अगर आप वाकई एआई को हराना चाहते हैं, तो अपने अंदर करुणा के गुण को अलग-अलग तरह से जितना हो सके बढ़ाएं। एन. रघुरामन

## जैस्मिन भसीन के साथ हुआ था कास्टिंग काउच,बोलीं- ऑडिशन के बहाने बुलाकर होटल रूम में बंद किया, गलत तरह से छूने की कोशिश की






मुंबई। बिग बॉस 14 में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन ने हाल ही में कास्टिंग काउच से जुड़ा अनुभव शेयर किया। उन्होंने बताया कि एक निर्देशक ने ऑडिशन के बहाने उन्हें गलत तरीके से छूने की कोशिश की। हालांकि, जैस्मिन ने स्थिति को समय रहते समझ लिया और वहां से बाहर निकल गईं। द हिमांशु मेहता शो में बातचीत के दौरान जैस्मिन ने कहा, मैं बॉम्बे ऑडिशन देने आई थी और जुहू के एक होटल में एक मीटिंग थी। जहां कई लड़कियां और एक्ट्रेसेज लॉबी में इंतजार कर रही थीं। साथ में कई कोऑर्डिनेटर भी मौजूद थे, तो वहां सब मीटिंग के लिए आए हुए थे।जब मैं उस मीटिंग रूम में गई, तो वहां एक आदमी शराब पीते हुए ऑडिशन की बातें कर रहा था, जिसे देखकर मैं डर गई। यहां तक कि कोऑर्डिनेटर भी कमरे से बाहर चला गया। शुरुआत में मैं बहुत घबरा गई थी। फिर उस आदमी ने मुझसे कहा कि तुम्हें यह सीन परफॉर्म करना है। मैंने जवाब दिया था सर मैं सीन तैयार करके कल आऊंगी। लेकिन उसने जोर देकर कहा नहीं, अभी करना होगा। तो मैंने डर के मारे वो सीन कर दिया। जैस्मिन ने आगे कहा, उसने कहा नहीं ऐसे नहीं। असल में वो मुझे खड़ा करके एक सीन समझा रहा था, जैसे कि तुम्हारा प्रेमी जा रहा है, तुम्हें उसे रोकना है। मैंने वो सीन एक्ट किया। लेकिन उसने फिर कहा नहीं, ऐसे नहीं। इसके बाद उसने कमरा अंदर से बंद कर दिया। वो कुछ गलत हरकत करने की कोशिश कर रहा था। लेकिन फिर मैंने अपनी स्किल्स का इस्तेमाल किया और वहां से भाग गई। उस दिन के बाद से मैंने फैसला किया कि मैं आज के बाद अपनी जिंदगी में कभी कोई मीटिंग होटल के कमरे में नहीं करूंगी। जैस्मिन भसीन ने आगे कहा, मैं ये जरूर कहना चाहूंगी कि असली और फर्जी कास्टिंग कॉल्स में फर्क समझना बेहद जरूरी है। हर किसी को काम चाहिए होता है, और कभी-कभी इसी जल्दबाजी में हम गलत जगहों पर पहुंच जाते हैं। लेकिन जो लोग सच में कास्ट करना चाहते हैं, वे कभी भी कास्टिंग काउच का सहारा नहीं लेते।

## भांजी आयत के लिए सलमान ने पैपराजी को दी वॉर्निंग,कहा- पीछे रहो, बच्ची साथ है, बताया आईपीएल टीम खरीदने से किया था इनकार, नहीं कोई पछतावा

मुंबई। रविवार को सलमान खान वर्ल्ड पैडल लीग के एक इवेंट का हिस्सा बने थे। इस दौरान उनके



साथ बहन अर्पिता और भांजी आयत भी मौजूद रहीं। कुछ देर बाद आयत जिद कर सलमान खान की गोद में आ गईं, जिसके बाद एक्टर उन्हें लेकर बेहद प्रोटेक्टेड नजर आए और पैपराजी को वॉर्निंग दी। वीडियो में देखा जा सकता है कि आयत अपने मामू सलमान खान के पास आती हैं, जिसके बाद सलमान उन्हें गोद में ले लेते हैं। थोड़ी देर तक उन्हें पकड़े रहने के बाद सलमान उनका हाथ थामकर इवेंट से निकलते नजर आए हैं।आयत की मौजूदगी के चलते सलमान खान की सिक्योरिटी टीम पैपराजी को दूर हटाते हुए रास्ता बनाती दिखी। वहीं एक्टर भी लगातार कैमरामैन को पीछे हटने के लिए कह रहे थे। जैसे ही एक्टर को देखकर पैपराजी में हचलत हुई, वैसे ही उन्होंने वॉर्निंग देते हुए कहा, चलो, चलो बच्ची साथ में है।इवेंट में सलमान ने ये भी बताया है कि एक समय में उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग की टीम खरीदने का ऑफर मिला था, लेकिन उन्होंने इससे इनकार कर दिया था। इस पर एक्टर ने कहा, आईपीएल बहुत पहले ऑफर हुआ था, उस समय लिए नहीं हम। अब ये भी नहीं है कि पछता रहे हैं। खुश ही हैं। बहुत खुश हैं। आईएसपीएल लीग ली है, टेनिस बॉल वाला, गली क्रिकेट वाला, वो जो हम खेल सकते हैं। बड़े-बड़े लीग हमारे बस के नहीं हैं, हम ग्रास रूट वाले हैं।बताते चलें कि रविवार को मुंबई में वर्ल्ड पैडल लीग की प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई थी। इसमें सलमान खान के अलावा उनके भाई सोहेल खान, उनके बेटे निर्वाण खान, बहन अर्पिता और भांजी आयत भी मौजूद रही। सलमान खान इस इवेंट में ओवरसाइज फुल स्लीव्स टी-शर्ट और डेनिम में पहुंचे थे। वर्कफ्रंट की बात करें तो सलमान जल्द ही बिग बॉस 19 होस्ट करते नजर आएंगे। इसके अलावा वो फिल्म बैटल ऑफ गलवान में काम कर रहे हैं। उनकी आखिरी रिलीज हुई फिल्म सिकंदर थी।

## फैसल के बयान पर आमिर खान के परिवार की सफाई-कहा- निजी मामले को गपशप में न बदलें, उनके मानसिक स्वास्थ्य के लिए सबने मिलकर फैसले लिए थे

मुंबई। आमिर खान के भाई फैसल खान ने कुछ समय पहले दिए गए एक इंटरव्यू में परिवार पर



कई तरह के आरोप लगाए थे। उन्होंने ये कहा था कि आमिर और परिवार ने उन्हें एक साल तक कमरे में बंद रखा था। हालांकि अब परिवार ने स्टेटमेंट जारी कर साफ किया है कि परिवार ने मेडिकल एक्सपर्ट्स की सलाह पर उनके मानसिक स्वास्थ्य के लिए कुछ कदम उठाए थे, जिन्हें फैसल पहले भी गलत तरीके से पेश कर चुके हैं। बता दें कि फैसल सिजोफ्रेनिया के मरीज रह चुके हैं और उन्हें ये लगने लगा था कि आसपास के लोग उन्हें नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। इसके अलावा स्टेटमेंट में परिवार ने इस निजी मसले को गपशप का टॉपिक बनाने से बचने की विनती की है। परिवार द्वारा जारी किए स्टेटमेंट में लिखा गया है- 'मीडिया से संवेदनशीलता दिखाने का निवेदन है। हम फैसल द्वारा अपनी मां जीनत ताहिर हुसैन, बहन निखत हेगड़े और भाई आमिर पर की गई आहत करने वाली और मिसलीडिंग प्रस्तुति से व्यथित हैं। चूंकि यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने इन घटनाओं को गलत तरीके से पेश किया है, हम अपने इरादों को स्पष्ट करना और एक परिवार के रूप में अपने आपसी एकजुटता को दोहराना जरूरी समझते हैं।' आगे लिखा गया है-'यह साझा करना महत्वपूर्ण है कि फैसल से जुड़े हर निर्णय परिवार ने सामूहिक रूप से, कई चिकित्सकीय विशेषज्ञों से परामर्श करके, केवल प्रेम, करुणा और उनके भावनात्मक एवं मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए लिए हैं। इसी कारण, हमने अपने परिवार के लिए कठिन और पीड़ादायक इस दौर के विवरण को सार्वजनिक रूप से साझा करने से परहेज किया है। हम मीडिया से संवेदनशीलता की अपील करते हैं और आग्रह करते हैं कि इस पर्सनल सब्जेक्ट को सनसनीखेज, भड़काऊ और आहत करने वाली गपशप में न बदलें।'इस स्टेटमेंट के आखिर में रीना दत्ता, जुनैद खान, आइरा खान, फरहत दत्ता, राजीव दत्ता, किरण राव, संतोष हेगड़े, सेहर हेगड़े, मंसूर खान, नुजहत खान, इमरान खान, टीना फोंसेका, जैन मैरी खान, पाब्लो खान के नाम लिखे हैं। हालांकि इस स्टेटमेंट में आमिर का नाम मेंशन नहीं है।

## जैकलीन हुई 40की, सलाह मिली- नाक ठीक कराओ,मिस श्रीलंका बनीं, एक पता लेकर मुंबई आईं,साजिद खान-सुकेश से अफेयर के चर्चे

मुंबई। साल 2009 की बात है, जब एक रात एक लड़की ने पहली बार मायानगरी मुंबई की धरती पर कदम रखा। शहर के



बारे में उसे कोई जानकारी नहीं थी। उसके हाथ में सिर्फ एक कागज था, जिस पर एक पता और एक फोन नंबर लिखा था। जैसे ही वो एयरपोर्ट से बाहर निकली, कई ऑटो ड्राइवर उसकी ओर बढ़े। घबराहट में उसने सिर्फ इतना कहा, मुझे मरीन ड्राइव छोड़ दो। श्रीलंका से भारत आई वह लड़की दरअसल मॉडल बनने का सपना लेकर आई थी, लेकिन किस्मत ने उसे अलादीन की जैस्मिन बना दिया। आज वही लड़की पूरी दुनिया में 'मिस श्रीलंकन' जैकलीन फर्नांडिस के नाम से जानी जाती हैं। अपनी दिलकश मुस्कान और शानदार अदाकारी के दम पर जैकलीन ने लोगों के दिलों में खास जगह बनाई है। हालांकि उनका बॉलीवुड सफर आसान नहीं रहा। करियर की शुरुआत में उनकी फिल्में फ्लॉप रहीं और एक साल तक कोई काम नहीं मिला, लेकिन 2011 में आई फिल्म मर्डर 2 ने उन्हें इंडस्ट्री में पहचान दिला दी। फिल्मों के साथ-साथ जैकलीन अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं। उनका नाम कभी सलमान खान, साजिद खान से जुड़ा, तो कभी ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े विवादों ने उन्हें चर्चा में ला दिया।जैकलीन फर्नांडीज ने अपनी स्कूली पढ़ाई बहरीन में पूरी की। इसके बाद उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की सिडनी यूनिवर्सिटी से मास कम्युनिकेशन का कोर्स किया। जैकलीन सिर्फ 13 साल की थीं, जब उन्होंने बहरीन का टीवी शो होस्ट किया था। फिर ग्रेजुएशन पूरा करने के बाद प्रोफेशनली टीवी रिपोर्टर के तौर पर काम भी किया।भले ही जैकलीन एक टीवी रिपोर्टर के तौर पर काम कर रही थीं, लेकिन उनके मन में हमेशा से एक टॉप एक्ट्रेस बनने का ख्वाब था। इसी सपने को साकार करने के लिए उन्होंने रिपोर्टिंग के साथ-साथ श्रीलंका में मॉडलिंग की शुरुआत भी कर दी थी। मॉडलिंग के दौरान ही उन्होंने कई ब्यूटी कॉम्पिटिशन में हिस्सा लिया। साल 2006 में जैकलीन ने 'मिस श्रीलंका यूनिवर्स' का खिताब जीता और उसी साल मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में श्रीलंका का प्रतिनिधित्व भी किया। इसके बाद उनकी किस्मत बदल गई। उन्हें मॉडलिंग के कई अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट्स के ऑफर मिलने लगे।जैकलीन लगातार मॉडलिंग की दुनिया में अच्छा काम कर रही थीं। एक मॉडलिंग इवेंट के दौरान उनकी मुलाकात एक एजेंसी से हुई, जिसने उनसे कहा, आप भारत आकर क्यों नहीं कुछ मॉडलिंग का काम करतीं? इस पर जैकलीन ने जवाब दिया कि हां, कोशिश करती हूं। जब जैकलीन ने भारत जाने की बात अपने माता-पिता को बताई, तो वे हैरान रह गए। उन्होंने कहा- इंडिया बहुत बड़ा देश है और तुम वहां किसी को जानती भी नहीं हो। कैसे क्या करोगी? इस पर जैकलीन ने जवाब दिया, सब क्लियर है। एक एजेंसी मिली है, उन्हीं के साथ जाना है। जैकलीन ने कहा- मुझे याद है कि मैं मुंबई बहुत लेट नाइट पहुंची थी। मुझे कुछ नहीं पता था। मेरे पास बस एक कागज पर लिखा हुआ फोन नंबर और पता था। जैसे ही मैं एयरपोर्ट से बाहर निकली, बहुत सारे ऑटो वाले खड़े थे। वो सब मेरी तरफ आने लगे। तब मैंने उनमें से एक से कहा कि मुझे मरीन ड्राइव छोड़ दो। उस समय सबसे बड़ा चैलेंज ये था कि मुझे हिंदी बिल्कुल भी नहीं आती थी। मैं सिर्फ 'नमस्ते' बोल पाती थी।जैकलीन भारत में सिर्फ एक मॉडलिंग शो का हिस्सा बनने आई थीं, लेकिन इसी दौरान उनकी मुलाकात निर्देशक सुजॉय घोष से हुई। बाद में उन्होंने घोष की फिल्म अलादीन के लिए ऑडिशन दिया



और सिलेक्ट हो गईं।साल 2009 में रिलीज हुई इस फिल्म से जैकलीन ने बॉलीवुड में डेब्यू किया। फिल्म में उनके अपोजिट रितेश देशमुख थे, जबकि अमिताभ बच्चन भी अहम भूमिका में नजर आए थे। ये फिल्म तो फ्लॉप हो गई थी, लेकिन उन्हें इसके लिए आईफा का अवॉर्ड मिला। साल 2008 में जैकलीन ने फिल्म जाने कहां से आई है में काम किया, लेकिन यह फिल्म भी फ्लॉप हो गई। इसके बाद उन्हें लगभग एक साल तक कोई काम नहीं मिला।फिर एक दिन अचानक उनके पास मुकेश भट्ट का फोन आया। उन्होंने कहा- हम तुम्हें मर्डर 2 के लिए कास्ट करना चाहते हैं। जैकलीन के मुताबिक, मर्डर 2 का नाम सुनते ही उनके मन में पहला सवाल यही आया कि मर्डर तो एक काफी बोल्ड फिल्म थी और उन्होंने हाल ही में अलादीन जैसी फिल्म की थी। जैकलीन ने कहा- मैंने साफ मना कर दिया। मैंने कहा कि मैं कंफर्टेबल नहीं हूं, यह फिल्म मैं नहीं कर पाऊंगी। हालांकि मैं मुकेश भट्ट के संपर्क में रही। उन्होंने मुझे समझाया कि तुम ये रोल अच्छे से कर सकती हो। गोवा पहुंचने के बाद मैंने एक बार फिर उनको मना कर दिया, लेकिन फिर आखिरकार हामी भर दी। ये बातें एक्ट्रेस ने मैशेबल इंडिया के साथ बातचीत में बताई थीं। मर्डर 2 सिर्फ हिट ही नहीं, बल्कि जैकलीन के करियर का टर्निंग पॉइंट भी साबित हुई। इस फिल्म में इमरान हाशमी के साथ जैकलीन के बोल्ड लुक ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा और उन्हें बॉलीवुड में एक अलग पहचान दिलाई। फिर जैकलीन ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इसके बाद वह हाउसफुल 2, रेस 2, किक और जुड़वां 2 जैसी फिल्मों में नजर आईं।जैकलीन का एक्सेंट श्रीलंकन होने के कारण शुरुआत में उन्हें हिंदी बोलने में काफी मुश्किल होती थी। कई बार उनकी फिल्मों में डबिंग करानी पड़ती थी। जब भी किसी फिल्म की बात होती, तो सबसे पहले भाषा को लेकर ही परेशानी सामने आती थी। जैकलीन ने सिने ब्लिट्ज मैगजीन के साथ बातचीत में बताया था कि एक्टिंग की शुरुआत में वे किसी भी फिल्म को करने से पहले वर्कशॉप नहीं किया करती थीं, जिसकी वजह से सेट पर उन्हें कई बार समस्याओं का सामना करना पड़ता था। उनकी बोली का कई बार मजाक उड़ाया गया, जिससे उन्हें बॉलीवुड में एक आउटसाइडर जैसा महसूस होता था। हालांकि फिर उन्होंने फिल्म के सेट पर जाने से पहले वर्कशॉप करना शुरू किया, जिससे चीजें बेहतर होने लगीं। उन्हें हिंदी बोलने में अब ज्यादा दिक्कत नहीं होती। नाक की सर्जरी करवाने की मिली सलाह, कहते थे पासपोर्ट में उम्र कम लिखवाओ जैकलीन जब इंडस्ट्री में नई थीं, तब कई लोगों ने उन्हें नाक की सर्जरी करवाने की सलाह दी थी। पिंकविला से बातचीत में एक्ट्रेस ने कहा, 'मुझे कहा गया था अपना नाम 'मुस्'कान' रख लो। मेरी एजेंसी ने भी कहा कि आपका नाम बहुत वेस्टर्न है, इस नाम के साथ आपका काम यहां कैसे चलेगा। यही नहीं लोगों ने मेरी आइब्रो तक को डार्क करने तक की बात कही। ऐसी कई अजीब सी चीजें मुझसे कही गईं, लेकिन मुझे सबसे ज्यादा बुरा तब लगा था जब दिवाली पार्टी में मैं पारंपरिक भारतीय कपड़ों में थी। तब मुझे देखकर मेरे ही तीन एक्टर दोस्तों ने कहा, 'कितनी भी कोशिश कर लो तुम इंडियन नहीं हो।इसके अलावा एक एक्टर ने उन्हें 30 की उम्र को लेकर डराया और यहां तक कहा कि पासपोर्ट में उम्र बदलवा लो, क्योंकि 30 के बाद लड़कियों को काम नहीं मिलता। यह सुनकर जैकलीन नर्वस हो गई थीं, लेकिन अब उन्हें खुशी है कि महिलाओं को हर उम्र में काम मिल रहा है।जैकलीन न केवल अपनी प्रोफेशनल लाइफ, बल्कि लव लाइफ को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। उनका नाम प्रिंस हसन बिन राशिद अली खलीफा, सलमान खान और ठग सुकेश चंद्रशेखर के साथ भी जुड़ चुका है।बिन राशिद अली खलीफा-जैकलीन का नाम कथित तौर पर बहरीन के प्रिंस हसन बिन राशिद अली खलीफा के साथ भी जुड़ा था। एक्ट्रेस लगभग 10 साल तक प्रिंस के साथ रिलेशनशिप में रहीं, लेकिन लॉन्ग डिस्टेंस होने के चलते उन्होंने यह रिश्ता खत्म कर दिया था।जैकलीन का नाम उनसे 15 साल बड़े साजिद खान के साथ भी जुड़ा था। दोनों ने लगभग दो साल तक एक-दूसरे को डेट किया। साजिद ने जैकलीन के करियर में मदद की और उन्हें हाउसफुल सीरीज में मौका दिलवाया। साल 2012 में दोनों की शादी की चर्चाएं भी सामने आई थीं और सेट पर लोग जैकलीन को 'भाभी' कहकर पुकारते थे। हालांकि कहा जाता है कि साजिद के पजेसिव और कंट्रोलिंग बिहेवियर के चलते 2013 में दोनों का ब्रेकअप हो गया था।सलमान खान और जैकलीन के रिलेशनशिप की अफवाह फिल्म किक के सेट से शुरू हुई थी। हालांकि जैकलीन ने एक इंटरव्यू में यही बात कही थी कि वो और सलमान सिर्फ एक अच्छे दोस्त हैं और उनके बीच कुछ भी नहीं है। जैकलीन का नाम कुछ समय के लिए सिद्धार्थ के साथ भी जुड़ा था। इन दोनों के रिश्ते की अफवाह फिल्म ए जेंटलमैन की शूटिंग के दौरान शुरू हुई थी। आलिया भट्ट और सिद्धार्थ के ब्रेकअप की वजह जैकलीन को ही माना जाता है।जैकलीन फर्नांडिस का नाम तब सबसे ज्यादा विवादों में आया, जब उनका नाम ठग सुकेश चंद्रशेखर के साथ जुड़ा। दरअसल, सुकेश चंद्रशेखर पर 200 करोड़ रुपए की मनी लॉन्ड्रिंग का मामला चल रहा है। जांच के दौरान सुकेश ने दावा किया था कि वह जैकलीन के साथ रिलेशनशिप में था। बाद में दोनों की कुछ प्राइवेट तस्वीरें भी सामने आई थीं, जिससे यह विवाद और ज्यादा बढ़ गया था। जैकलीन ने भी इस मामले में अपना बयान दर्ज कराया था। उनका कहना था कि उनका सुकेश चंद्रशेखर से कोई निजी रिश्ता नहीं था और वह भी उसकी साजिश का शिकार हुई थीं। जैकलीन ने आरोप लगाया कि सुकेश ने खुद को एक नामी बिजनेसमैन बताकर उन्हें गुमराह किया और इस बहाने उनके करीब आया। उन्होंने यह भी कहा कि शुरुआत में उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं थी कि सुकेश कौन है और वह किन आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है। तिहाड़ जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर कई बार जैकलीन के लिए अपने प्यार का इजहार कर चुका है। कभी वह उनके जन्मदिन पर चिट्ठियां भेजता है, तो कभी यॉट और महंगे तोहफे देने का दावा करता है। उसने जेल से कई प्रेम पत्र भी लिखे, जिनमें उसने खुद को जैकलीन का सच्चा प्रेमी बताया। जैकलीन ने दिसंबर 2023 में दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने ईडी द्वारा उनके खिलाफ दायर 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले और दूसरी सप्लीमेंट्री चार्जशीट को रद्द करने की मांग की थी। इस याचिका में जैकलीन ने दावा किया था कि वह ठग सुकेश चंद्रशेखर की साजिश का शिकार हुई हैं। हालांकि 3 जुलाई 2025 को दिल्ली हाईकोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी। कोर्ट के आदेश के अनुसार, उनके खिलाफ जांच जारी रहेगी और उन्हें देश छोड़ने से पहले अदालत को सूचित करना होगा। न्यूज18 की रिपोर्ट के मुताबिक, जैकलीन और सुकेश की मुलाकात उनके मेकअप आर्टिस्ट के जरिए हुई थी। सुकेश ने पहली बार जैकलीन से संपर्क करने के लिए उनके मेकअप आर्टिस्ट की मदद ली थी। उसने झूठ बोलकर खुद को गृह मंत्रालय का बड़ा अफसर और तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता का रिश्तेदार बताया था।

## बेटी मालती के साथ एयरपोर्ट पर स्पॉट हुईं प्रियंका,बेस्ट फ्रेंड अनन्या पांडे के साथ सुहाना ने देखी मूवी, छोटा भाई अबराम भी साथ स्पॉट हुआ

मुंबई। मूवी डेट से लौटते हुए



सुहाना खान का भी एक वीडियो सामने आया है। उनके साथ बेस्टफ्रेंड अनन्या पांडे और भाई अबराम भी मौजूद था। मूवी से निकलते हुए सुहाना बड़ी बहन का फर्ज अदा करते हुए अबराम को ठीक तरह कार में बैठाती नजर आई हैं।इनके अलावा ऋतिक रोशन को भी मुंबई के प्राइवेट कलिना एयरपोर्ट से निकलते हुए स्पॉट किया गया है। एक्टर इन दिनों अपकमिंग फिल्म वॉर 2 का प्रमोशनल करने में व्यस्त हैं।प्रियंका चोपड़ा को रविवार को मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया है। इस दौरान वो बेटी मालती को सूटकेस में बैठाकर ले जाती नजर आईं। वहीं शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान भी मूवी डेट के बाद मुंबई में स्पॉट हुई हैं। ब्लैक आउटफिट में प्रियंका चोपड़ा का बेहद कंफी और कूल लुक दिखा। सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि प्रियंका अपना बैग एयरपोर्ट स्टाफ को थमा रही हैं, हालांकि ठीक इसी समय बैग उनकी बेटी के सिर से टकरा जाता है। प्रियंका बीते कुछ दिनों से काम के सिलसिले में हैदराबाद में ठहरी हुई थीं, जिसके बाद वो मुंबई आई थीं।

## बीए पास एक्ट्रेस, जिसने अपना ही गला काटा,वो खून से लथपथ तड़पती रही, दोस्त वीडियो बनाने में लगी थी,आखिरी शब्द थे- मर्दों की गलती

मुंबई। मॉडल शिखा जोशी फर्श पर खून से लथपथ तड़प रही थी।



गला काटा था और हर तरफ खून ही खून था। सफेद टाइल्स वाला बाथरूम सुर्ख लाल हो चुका था। साथ रहने वाली फ्लैटमेट मधू को कुछ समझ नहीं आया और उसने झट से मोबाइल निकाला और वीडियो बनाना शुरू कर दिया।कंपकंपाती आवाज में लड़की ने पूछा- शिखा तुमने ये क्यों किया? बताओ? शिखा ने दर्द में कहा- मुझे नहीं पता। मधू ने फिर कहा- शिखा, शिखा, शिखा, बताओ क्यों किया, पुलिस हमसे पूछेगी। कराहती आवाज में शिखा ने कहा- डॉक्टर शर्मा... मधू ने फिर पूछा- और? शिखा ने आवाज संभालते हुए लड़खड़ाती आवाज में कहा- शादीशुदा मर्द। मधू ने फिर आवाज तेज में पूछा- शादीशुदा मर्द कौन-कौन? शिखा ने कुछ देर कुछ नहीं कहा, फिर धीमी आवाज में कहा- बहुत सारे।मधू ने फिर कहा- जहां कटा है, वहां रूमाल रखो, वर्ना खून निकलेगा। इसके बाद पूरे फ्लैट में हलचल मच गई और वीडियो में शिखा के कराहने की आवाजें तेज होने लगीं। भीड़ लग चुकी थी और आस-पड़ोस के लोगों में फुसफुसाहट बढ़ रही थी। अरे! बच्ची को यहां मत लाओ। क्या एम्बुलेंस आ रही है? क्या कहा उसने? कौन डॉक्टर शर्मा? वीडियो में उसने कहा है? पूरा खून-खून हो रहा है गाड़ी में कैसे लेकर जाएंगे? हम इसे कैसे ले जा सकते हैं? ये पुलिस केस है।करीब एक घंटे तक शिखा तड़पती रहीं, जिसके बाद उन्हें घर से महज चंद मीटर की दूरी पर स्थित कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत का कारण था एक्सेसिव ब्लड लॉस। कुछ देर पहले अगर शिखा को हॉस्पिटल लाया जाता तो उनके बचने की कुछ उम्मीद हो सकती थी।

## शेरा के पिता की प्रेयर मीट में पहुंचे बॉबी देओल,पहुंचते ही गले लगाया, सलमान खान की बहन और मन्नारा समेत कई सेलेब्स ने पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

मुंबई। सलमान खान के



बॉडीगार्ड शेरा के पिता सुंदर सिंह जॉली का 6 अगस्त को निधन हो गया है। आज मुंबई के गुरुद्वारे में उनकी प्रेयर मीट रखी गई है, जिसमें फिल्म इंडस्ट्री से कई सेलेब्स उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे हैं।सुंदर सिंह का 88 साल की उम्र में कैंसर से बुधवार को निधन हुआ। वहीं उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को ओशिवारा शवदाह गृह में हुआ। गुरुवार को ही शेरा ने सोशल मीडिया पर पिता के निधन की जानकारी दी। उन्होंने लिखा, 'मेरे पिता श्री सुंदर सिंह जॉली आज स्वर्गवासी हो गए।' सलमान खान भी बॉडीगार्ड शेरा के पिता के अंतिम संस्कार के बाद उनसे मिलने पहुंचे थे। उन्होंने आते ही शेरा को गले लगा लिया था।बता दें कि शेरा 1995 से सलमान के पर्सनल बॉडीगार्ड और हेड ऑफ सिक्योरिटी हैं। इसके अलावा वह अपनी सिक्योरिटी कंपनी 'टाइगर सिक्योरिटी' भी चलाते हैं, जो कई सेलिब्रिटीज को सुरक्षा देती है। 2017 में मुंबई में जस्टिन बीबर के कॉन्सर्ट के दौरान उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी शेरा के पास थी।शेरा पहले बॉडी बिल्डर थे। उन्होंने 1987 में बॉडी बिल्डिंग में मुंबई जूनियर का खिताब जीता था। 1988 में मिस्टर महाराष्ट्र जूनियर में रनर-अप रहे। 1990 के शुरुआती दशक में उन्होंने बॉडीगार्ड का काम शुरू किया और फिर सलमान के साथ जुड़े।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डॉ. दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिंटर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र) 211002 से मुद्रित एवं सी-41यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज से प्रकाशित।
संपादक/प्रकाशक डा.पुनीत अरोरा
मो.न.09415608710
RNINO.UPHIN/2015/63398
www.adhuniksamachar.com
नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगा।